# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 99- ● जबलपुर ● गुरुवार, 11 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान

21 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

36.0 डिसे

तेज धूप बढ़ा पारा

## ऊफ ये गर्मी! फिर सितम ढाने लगा सूरज, दिल्ली समेत इन राज्यों में

नई दिल्ली ,एजेंसी। देश में हुई बेमौसम बारिश के बाद गर्मी का प्रकोप फिर से शुरू हो गया है. राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के ज्यादातर राज्यों में चिलचिलाती गर्मी फिर से पड़ने लगी है. इसके अलावा आने वाले कुछ दिनो में देश के कई इलाकों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है. साथ ही कुछ राज्यों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है.आज ज्यादातर राज्यों में बारिश के आसार नहीं साफ रहेगा। मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

# प्रियंका गांधी 12 जून को आएंगी जबलपुर



■ जबलपुर, यशभारत।

मध्य प्रदेश में चुनावी तैयारी में लगी कांग्रेस के प्रचार को धार देने के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी मध्यप्रदेश में मोर्चा संभालेगीं। कांग्रेस अपने इलेक्शन कैंपेन की शुरुआत 12 जून को करने की तैयारी में है. इसकी शुरुआत महाकौशल के जबलपुर से होगी. 12 जून को प्रियंका गांधी जबलपुर में बड़ा रोड शो और जनसभा करेंगी. उनके कार्यक्रम को मंजूरी मिल गयी है। कांग्रेस के मुताबिक जबलपुर में 12 जून को प्रियंका गांधी के कार्यक्रम की मंजूरी मिल गई है. प्रियंका गांधी का चेहरा आगे रख मध्यप्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया जाएगा. कांग्रेस ने जबलपुर का चुनाव कर एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है. पार्टी एक तरफ जहां मोदी शाह की जोड़ी के मुकाबले में प्रियंका गांधी के चेहरे को आगे बढ़ाने की तैयारी में है. वहीं महिला वोटर और महाकौशल में अपनी पैठ मजबूत करने तैयारी में है। कर्नाटक के चुनाव में भी प्रियंका गांधी कांग्रेस का चेहरा बनकर चुनाव प्रचार करती नजर आ रही हैं. वहां के चुनाव खत्म होते ही प्रियंका गांधी के मध्य प्रदेश में कई दौरे और कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है. हालांकि कांग्रेस पार्टी इस कोशिश में भी है कि मध्यप्रदेश में इलेक्शन कैंपेन की शुरुआत में प्रियंका गांधी के साथ राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे भी शामिल हों. फिलहाल प्रियंका गांधी का कंफर्मेशन पार्टी को मिल गया है। प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में माना जा रहा है मोदी शाह की टीम मोर्चा संभालेगी. ऐसे में कांग्रेस अपने राष्ट्रीय चेहरे प्रियंका गांधी को आगे रखने की तैयारी में है. पार्टी ने पहला कार्यक्रम 12 जून को जबलपुर में रखा है. इसके बाद प्रियंका गांधी प्रदेश के हर हिस्से में चुनावी कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# महाराष्ट्र में शिंदे सरकार गिरेगी या बचेगी?

## 16 विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला आज

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

सुप्रीम कोर्ट 2022 के महाराष्ट्र राजनीतिक संकट को लेकर शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे धड़े की दोतरफा याचिकाओं पर गुरुवार को फैसला सुनाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ महाराष्ट्र के उस राजनीतिक संकट से संबंधित याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाएगी, जिसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली तत्कालीन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार गिर गयी थी. शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ इस मामले में फैसला सुनाएंगे. संविधान पीठ में न्यायमूर्ति एम. आर. शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। संविधान पीठ ने 16 मार्च, 2023 को संबंधित याचिकाओं पर



सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. इस मामले में अंतिम सुनवाई 21 फरवरी को शुरू हुई थी और नौ दिनों तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था. शीर्ष अदालत ने सुनवाई के अंतिम दिन आश्चर्य व्यक्त किया था कि वह उद्धव ठाकरे की सरकार को कैसे बहाल कर सकती है, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री ने सदन में बहुमत परीक्षण का सामना करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था, ठाकरे गुट ने सुनवाई के दौरान न्यायालय से आग्रह किया था कि वह 2016 के अपने उसी फैसले की तरह उनकी सरकार बहाल कर दे, जैसे उसने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री नबाम तुकी की सरकार बहाल की थी।ठाकरे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी एवं देवदत्त कामत और अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी ने शीर्ष अदालत के समक्ष पक्ष रखा था, जबकि एकनाथ शिंदे गुट का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल, हरीश साल्वे एवं महेश जेठमलानी और अधिवक्ता अभिकल्प प्रताप सिंह ने किया. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता राज्य के राज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश हुए. गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी को महाराष्ट्र राजनीतिक संकट से संबंधित याचिकाओं को सात-सदस्यीय संविधान पीठ के सुपुर्द करने का आग्रह ठुकरा दिया था।

## तो कैसे काम करेगी दिल्ली सरकार? राजधानी पर आज आएगा सुप्रीम फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सर्विसेज किसके हाथ में है, इस अहम कानूनी सवाल पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज आएगा। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने सुनवाई के बाद 18 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने मामले को बड़ी बेंच भेजने की गुहार लगाई थी। वहीं, दिल्ली सरकार का कहना है कि राज्य या केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) तब तक सही तरह से काम नहीं कर सकते, जब तक कि उसके हाथ में सर्विसेज न हो। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में चली बहसों में विभिन्न पक्षों की ओर से रखी गई दलीलें कुछ इस तरह से रही हैं।केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दलील रखी कि संविधान में कभी ऐसा विचार नहीं किया गया था कि यूटी (केंद्र शासित प्रदेश) के लिए अलग सर्विस कैडर हो। यह सिर्फ यूनियन ऑफ इंडिया का एक्सटेंशन है और यूटी में जो भी कर्मी काम करते हैं, वे केंद्र के अधीन काम करते हैं। 2007 से लेकर अभी तक सिर्फ चार बार ऐसा मौका आया है, जिसमें चुनी हुई दिल्ली की सरकार और एलजी के बीच मतभिन्नता हुई और मामला राष्ट्रपति को रेफर हुआ था।

### अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुनवाई कल

सुप्रीम कोर्ट अदाणी-हिडनबर्ग विवाद पर दायर याचिकाओं पर 12 मई को सुनवाई करेगा। अदालत ने दो मार्च को बाजार नियामक सेबी को अदाणी समूह पर लगे शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों की दो महीने में जांच करने को कहा था। शीर्ष अदालत ने अमेरिकी शार्टसेलर हिडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद भारतीय निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने पर विचार करने के लिए एक समिति का भी गठन किया था। पूर्व न्यायाधीश एएम सप्रे की अध्यक्षता में गठित छह सदस्यीय समिति ने सीलबंद लिफाफे में शीर्ष अदालत को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इससे पहले बाजार नियामक सेबी ने शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों और नियमों में किसी तरह की चूक की जांच पूरी करने के लिए और छह महीने का समय देने की सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी।

## सेन्ट्रल बोर्ड आफ एक्साइज एंड कस्टम चलाएगी फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन पर मुहीम

# रजिस्ट्रेशन नंबर डिस्पले नहीं होने पर भरना पड़ सकती 50 हजार तक की पेनल्टी

■ जबलपुर, यशभारत।

इस माह की 16 मई से जीएसटी विभाग फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन पकड़ने की मुहिम चलाएगा और इसके लिए जीएसटी अधिकारी आपके व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जांच के लिए आ सकते हैं। इस संबंध में अधिवक्ता अभिषेक ध्यानी ने बताया कि ऐसे में व्यापारियों और पेशेवरों को सभी तैयारी रखनी चाहिए। जैसे की सभी रजिस्ट्रेशन संबंधित कागजात तैयार रखें। इसके अलावा अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान चाहे वो घर पर ही क्यों न हो - व्यापारिक नाम, पता जीएसटी रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ बोर्ड लगा हो.। पिछले 3 माह की रिटर्न की साफ्ट और हार्ड कापी जांच के लिए तैयार हो।

### रजिट्रेशन हो सकता है कैंसिल

सेल बिल और परचेस फाइल तारीख वार अप-टू-डेट हो ध्यान रखें कागजात न उपलब्ध होने की स्थिति में या जीएसटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्रतिष्ठान में डिस्पले नहीं होने पर आपका रजिस्ट्रेशन कैंसल भी किया जा सकता है और इसमें 50 हजार रुपए तक कीपेनल्टी भी लगाई



जा सकती है। कुछ ऐसे रजिस्ट्रेशन भी लिए गए हैं जहां फर्जी बिजली बिल, प्रापर्टी रशीद, किरायानामा और डमी मोबाइल नंबर आधार से लिंक के आधार पर लिए गए हैं - जिसे जल्द से जल्द सुधरवाने होंगे।

### दो महीने चलगी यह मुहिम

जीएसटी विभाग द्वारा दो महीने की ये मुहिम फर्जी और गलत रजिस्ट्रेशन पकड़ने के लिए चलाई जावेगी और ऐसे नम्बरों को तुरंत सस्पेंड किया जायेगा। यदि आपका व्यापार उचित अनुपालन कर रहा है तो आपको चिंता की जरूरत नहीं है परंतु उपरोक्त बताए गए बिंदुओं की तैयारी करके रखें ताकि फील्ड आफिसर आपको ज्यादा परेशान न कर सके।

## एक अगस्त से ई-इनवॉइस की सीमा रुपये 10 करोड़ से घटाकर 5 करोड़

**नई दिल्ली, यशभारत।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा ई-इनवॉइस की सीमा रुपये 10 करोड़ से घटाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। सरल शब्दों में, यदि 2017-18 से 2022-23 तक किसी भी वित्तीय वर्ष में किसी भी करदाता का कुल कारोबार 5 करोड़, रुपये से अधिक हो गया है। तो यह ई-चालान 2.e.f उत्पन्न करने के लिए अनिवार्य है। अधिसूचना संख्या 10/2023-केंद्रीय कर के अनुसार आगामी 1 अगस्त 2023 से ई-चालान प्रयोज्यता सीमा घटाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई। सा.का.नि. 355(ई)-केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के नियम 48 के उप-नियम (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सरकार, परिषद की सिफारिशों पर, इसके द्वारा संशोधन करती है।

# हरियाणा में एक रेड से साइबर फ्रॉड के 28 हजार मामलों का खुलासा, 100 करोड़ से अधिक की ठगी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



हरियाणा के नूंह जिले में भी जामताड़ा मॉडल पर साइबर क्राइम को अंजाम दिया जाता है। हाल ही में हरियाणा पुलिस के द्वारा एक बड़ी टीम बनाकर छापा मारा गया था इस एक रेड से 28 हजार मामलों का खुलासा हुआ है। इसके अलावा 100 करोड़ रुपये से अधिक के साइबर फ्रॉड का भी खुलासा हुआ है आपको बता दें कि हरियाणा, दिल्ली और यूपी सहित देश के विभिन्न हिस्सों के लोग इन जालसाजों के निशाने पर हैं। नूंह के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने इसकी पुष्टि की है। आपको बता दें कि 27-28 अप्रैल की रात 5000 पुलिसकर्मियों की 102 टीमों ने एक साथ जिले के 14 गांवों में छापेमारी की थी। इस दौरान लगभग 125 लोगों को हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से 66 आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान 166 फर्जी आधार कार्ड, पांच पैन कार्ड, 128 एटीएम कार्ड 66 मोबाइल फोन, 99 सिम कार्ड, पाँच पीओएस मशीन और तीन लैपटॉप बरामद किए गए थे।पुलिस ने कहा है कि छापे के दौरान जब्त किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड की जांच की गई। बैंकों, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम, यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर यूआईडीएआई दूरसंचार विभाग,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे कि फेसबुक व्हाट्सएप से भी जानकारी मांगी गई।

# सीजीएचएस लाभार्थियों को देशभर में इलाज की सुविधा

## स्वा. एवं परि. कल्याण मंत्रालय के आदेश से पेंशनरों को राहत

■ जबलपुर, यशभारत।

केंद्रीय सरकारी सेवा से रिटायर्ड व्यक्ति अब देश के किसी भी शहर में चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकेंगे चाहे वहां मान्यता प्राप्त अस्पताल हों या न हो भले ही उन्हें इसके लिए नगद भुगतान करना पड़े बाद में उसका चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल का भुगतान कर दिया जाएगा।इससे उन वरिष्ठों को राहत मिलेगी जो किसी कार्य वश बाहर जाते और वहां आकस्मिक इलाज की जरूरत होती है तो वे चिकित्सा करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार सीजीएचएस लाभार्थी भारत के किसी भी शहर में मान्यता प्राप्त अस्पताल से चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत हैं । आपातकालीन परिस्थितियों में गैर मान्यता प्राप्त अस्पताल में भी चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। परंतु चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा केवल उसी शहर के अपर निदेशक



कार्यालय में देना होता है जहां पर कार्ड धारक रजिस्टर्ड है। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक ज्ञापन के माध्यम से 8 मई 2023 के द्वारा इस सुविधा को विस्तार प्रदान करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं कि अब सी जी एच एस लाभार्थी उसी शहर के अपर निदेशक कार्यालय में ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा कर सकता है। जिस शहर में उसके द्वारा चिकित्सा सुविधा प्राप्त की गई है।


**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

मो. 9407348995, 7999718732


# द केरल स्टोरी फिल्म टैक्स फ्री का आदेश 15घंटे में फिर बहाल

## विवेक तन्खा के बयान के बाद आदेश लिया था वापस अब फिर यू टर्न

■ नई दिल्ली, यशभारत।

द केरल स्टोरी फिल्म इन दिनों देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। कई राज्यों में इसे टैक्स फ्री कर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भी इस फिल्म को टैक्स फ्री किया गया था, लेकिन चार दिन बाद शिवराज सरकार ने इस फैसले को वापस ले लिया था एक विभागीय आदेश बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वाणिज्यिक कर विभाग के उप सचिव आरपी श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से यह जारी हुआ था। इसमें लिखा गया कि 6 मई को जो टैक्स छूट का आदेश जारी हुआ है, उसे निरस्त किया जाता पर है। इधर, वाणिज्यिक कर विभाग के कमिश्नर लोकेश जाटव ने कहा कि. च्मप्र के सिनेमाघरों में केरल स्टोरी फिल्म को मिल रही टैक्स छूट का आदेश यथावत है। यानी 15घंटे के बाद सरकार ने फैसला वापस ले लिया। उल्लेखनीय है कि द केरल स्टोरी फिल्म को लेकर पूरे देश में मचे विवाद के चलते सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने ट्वीट कर एक बयान जारी किया है। श्री तन्खा ने ट्वीट कर कहा कि मुझे मेरे भोपाल के अधिवक्ता मित्रों से सूचित किया कि मप्र सरकार द्वारा केरल स्टोरी हिंसक एवं आपतिजनक दृश्यों ए रेटेड फिल्म का टैक्स एक्सेम्पशन समाप्त कर दिया। मेरी गंभीर सार्वजनिक आपत्ति थी। बच्चों एवं युवा/ युवती के लायक फिल्म नहीं थी यह निर्णय समझदारी और सामाजिक हित का है। राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के ट्वीट के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने केरल मूवी प्रदेश में टैक्स फ्री वाला आदेश वापस ले लिया था पर अब इसे फिर बहाल कर दिया गया। यानी फिल्म टैक्स फ्री रहेगी।



# कर्नाटक में किसकी सरकार फैसला 13 को

## एग्जिट पोल ही नहीं, वोटिंग ट्रेंड से भी मिल रहे सत्ता परिवर्तन के संकेत

■ बेंगलुरू, ईएमएस।

कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हो चुकी है. और अब 13 मई को आने वाले नतीजों का इंतजार है. लेकिन इस बार चुनाव में कर्नाटक की जनता ने रिकॉर्ड बना दिया है, जो पिछली बार से भी ज्यादा है। चुनाव आयोग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, कर्नाटक में इस बार 72.67 फीसदी वोटिंग हुई है. अभी ये वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इसमें पोस्टल बैलेट और होम वोटिंग का आंकड़ा शामिल नहीं है. वहीं, 2018 के चुनाव में 72.44 फीसदी और 2013 में 71.83 फीसदी वोट पड़े थे. इस लिहाज से देखें तो वोटिंग फीसदी में मामूली इजाफा हुआ है. कर्नाटक में सबसे ज्यादा 90.93 फीसदी वोटिंग मंड्या जिले की मेलुकोटे विधानसभा सीट पर हुई तो सबसे कम मतदान 47.43 फीसदी बेंगलुरु की सीवी रमन नगर सीट पर हुई।

### कर्नाटक वोटिंग ट्रेंड के संकेत

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि अधिक या फिर कम मतदान प्रतिशत के बावजूद सत्ता में वापस आने की संभावना कम रहती है. चुनाव में एक आम धारणा है कि ज्यादा मतदान होने का अर्थ सत्ता विरोधी लहर और कम वोटिंग के होने का मतलब राज्य में सत्ता समर्थक लहर नहीं है. इस लिहाज से इस बार वोटिंग फीसदी में बढ़ोत्तरी हुई है, जिसके सियासी मायने साफ तौर पर समझे जा सकते हैं.

# पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की सहायक यंत्री निकली करोड़ों की आसामी

## लोकायुक्त के छापे में आय से 232 प्रतिशत अधिक मिली प्रॉपर्टी

■ भोपाल, यशभारत।

लोकायुक्त की टीम भोपाल में पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की सहायक यंत्री (संविदा) प्रभारी हेमा मीणा के ठिकानों पर गुरुवार सुबह छापेमारी की। मीणों के पास करोड़ों की संपत्ति प्रारंभिक जांच में मिली है। लोकायुक्त को हेमा मीणा प्रभारी सहायक यंत्री (संविदा) मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन भोपाल के विरुद्ध वर्ष 2020 में आय से अधिक संपत्ति का अर्जन करने संबंधी शिकायत मिली थी। इस मामले में लोकायुक्त कार्यालय में जांच प्रकरण पंजीबद्ध कर विशेष पुलिस स्थापना भोपाल संभाग ने जांच प्रारंभ की। गुरुवार सुबह 6 बजे उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संजय शुक्ला के नेतृत्व में बिलखिरिया स्थित आवास सहित तीन स्थानों पर सर्च की कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार अभी तक लगभग 5 से 7 करोड़ की संपत्ति प्रारंभिक तौर पर सामने आई है। सर्च पूरी होने के बाद इन्वेंटरी की गणना कर संपत्ति का आकलन निर्धारित किया जाएगा।





### 30 हजार वेतन, एक करोड़ का मकान बनाया

जांच में पाया गया कि हेमा मीणा द्वारा अपने पिता रामस्वरूप मीणा के नाम पर ग्राम बिलखिरिया भोपाल में 20 हजार वर्ग फीट भूमि खरीद कर उसे करीब एक करोड़ रुपए का भवन बनाया गया। हेमा की संपत्तियों एवं अन्य मदों में किया गया व्यय उसे प्राप्त वैध आय से दो सौ बत्तीस प्रतिशत अधिक होना पाया गया। जिसके बाद मीणा के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया तथा विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम भोपाल से सर्च वारंट प्राप्त कर लोकायुक्त एसपी मनु व्यास के मार्गदर्शन में संजय शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के निर्देशन में बिलखिरिया स्थित आवास सहित तीन स्थानों पर सर्चिंग कार्रवाई प्रारंभ की गई। खबर लिखे जाने तक सर्चिंग की कार्रवाई जारी थी। सहायक यंत्री ने भोपाल, रायसेन एवं विदिशा में विभिन्न गांव में कृषि भूमि की खरीदी की गई। साथ ही हेमा मीणा द्वारा हार्वेस्टर, धान बुवाई मशीन, ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरण क्रय किए गए।

# अमृतसर में 5 दिन के अंदर तीन धमाके, पांच लोग बंदी, बम बनाने वाले निकले नौसिखिए

■ अमृतसर, एजेंसी।

पंजाब के अमृतसर में गुरुवार को गोल्डन टेंपल के पास एक और विस्फोट हुआ. धमाके से इलाके में दहशत फैल गई. अमृतसर में 5 दिनों में हुए तीन लो-इंटेंसिटी धमाकों के मामले में पंजाब पुलिस ने नये लोकल टेरर नेटवर्क से जुड़े 5 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक, बम बनाने वाले नौसिखिए थे और उनका मकसद स्वर्ण मंदिर के आसपास धमाके करके पंजाब में अशांति का माहौल पैदा करने का था. इस मामले में जल्द ही पंजाब पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम खुलासे करेगी.पुलिस ने अमृतसर से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। गोल्डन टेंपल के पास हुआ तीसरा धमाका गलियारा साइड



स्थित श्री गुरु रामदास सराय के पास रात एक बजे हुआ. घटना के बारे में पता चलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी. इस धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग बाहर निकल आए. पुलिस को तुरंत सूचना दी गई, जिसके बाद फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।हालांकि, धमाके का यह स्थान पहले धमाके के स्थान से बिल्कुल अलग था. ताजा धमाका पहले घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर हुआ. सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने अमृतसर से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है।

## पीएम शहबाज के घर हमला, हिंसक झड़प और सेना तैनात

# इमरान की गिरफ्तारी से अब भी जल रहा पाक

■ लाहौर/इस्लामाबाद, एजेंसी।

भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने बुधवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लाहौर स्थित आवास पर हमला कर दिया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 500 से अधिक उपद्रवी बुधवार तड़के प्रधानमंत्री के मॉडल टाउन लाहौर स्थित आवास पर पहुंचे और वहां खड़े वाहनों में आग लगा दी। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'उन्होंने प्रधानमंत्री के घर में पेट्रोल बम भी फेंके.' पुलिस के अधिकारी ने बताया कि जिस समय उपद्रवियों ने हमला किया उस वक्त प्रधानमंत्री के आवास पर केवल चौकीदार मौजूद थे. उन्होंने वहां एक पुलिस चौकी को भी आग के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया, 'जैसे ही



पुलिस का एक दल वहां पहुंचा, पीटीआई प्रदर्शनकारी वहां से चले गए.' प्रधानमंत्री आवास पहुंचने से पहले खान के समर्थकों की भीड़ ने मॉडल टाउन में सत्तारूढ़ पीएमएल-एन सचिवालय पर हमला किया, वहां खड़े वाहनों में आग लगा दी. उन्होंने वहां के अवरोधकों को भी आग के हवाले कर दिया। इमरान खान के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच पिछले 24 घंटों में हुई हिंसक झड़पों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और करीब 300 अन्य घायल हो गए. सुरक्षा एजेंसियों के 130 से अधिक अधिकारी घायल हुए हैं। पुलिस पंजाब प्रांत में कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रही, इसलिए पंजाब सरकार ने सेना की तैनाती के लिए कहा. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 12 करोड़ की आबादी वाले पंजाब प्रांत में सेना की 10 कंपनियों को तैनात करने का अनुरोध किया गया है. केंद्र सरकार ने पंजाब में सेना की तैनाती को मंजूरी दे दी है.पंजाब के अलावा खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और इस्लामाबाद में हिंसक प्रदर्शनों को रोकने के लिए बुधवार को सेना को तैनात किया गया. पुलिस ने कहा कि मंगलवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में इमरान की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद पंजाब प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने कम से कम 14 सरकारी भवनों/प्रतिष्ठानों और 21 पुलिस वाहनों में आग लगा दी।

## फोम फैक्ट्री में भयंकर आग जिंदा जल गए 4 मजदूर

■ बरेली, ईएमएस।

यूपी के बरेली शहर से बीस किलोमीटर दूर जेड गांव के पास एक फोम फैक्ट्री के गोदाम में बुधवार देर शाम भीषण आग लग गई, जिसमें चार मजदूर जिंदा जल गए। आग इतनी भीषण थी कि लपटें दस किलोमीटर दूर फरीदपुर कस्बे तक देखी गईं। यह गोदाम अशोका पीयू फोम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का है। इस हादसे में कंपनी के तीन कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके अलावा दो मजदूर लापता बताए जा रहे हैं। बचाव अभियान चल रहा है।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह हादसा फरीदपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। कई दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और उन्हें आग पर काबू पाने में तीन घंटे से अधिक समय लगा। उन्होंने कहा कि दो व्यक्ति अभी भी लापता हैं और उनका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# 37 बुजुर्गों और 300 पुलिस कर्मियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

## एसपी की पहल पर पुलिस अस्पताल में आयोजित हुआ शिविर

**जबलपुर,यशभारत। पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल में मंगलवार को आस्था अभियान के तहत एसपी की पहल पर सीनियर सिटीजन और पुलिस कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 37 सीनियर सिटीजन के साथ-साथ करीब 300 पुलिस कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों का डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाईयां वितरित की गईं।**



जानकारी के अनुसार पुलिस अस्पताल में नेशनल हॉस्पिटल, मेडीसिन मॉल एवं लाईफ केयर पैथोलॉजी के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने बताया कि अभी तक पुलिस ने 419 बुजुर्गों को चिहिनत किया है जो अकेले रह रहे हैं। इनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। क्योंकि अधिकतर देखा जाता है कि अपराधी अकेले रहने वाले बुजुर्गों को टारगेट करके वारदात को अंजाम दे देते हैं।

### इन डॉक्टर्स ने किया चैकअप

स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अतुल चौबे, डॉ.पंकज क्षत्रीय, डॉ.जकीर हुसैन, डॉ.दीपक शुक्ला, डॉ.शारदा मिश्रा, एवं डॉ.मंजु सांधी के द्वारा बुजुर्गों और पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें शिशु रोग, स्त्री रोग, श्वास रोग, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच की गयी।स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान एएसपी शहर प्रदीप कुमार शेंडे, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, सूबेदार ललित धुर्वे, सूबेदार अश्वनी पटैल, सूबेदार नीलम लक्षकार, सूबेदार रूमा तेकाम ,नेशनल हॉस्पिटल के संचालक हिमांशु तिवारी, मेडीसिन मॉल के संचालक दिनेश पाहुजा एवं उनकी टीम उपस्थित रही।



# हाई-टेक कृषि विकास के साथ एग्रीकल्चर स्टार्टअप समय की आवश्यकता :-कुलपति डॉ. पीके मिश्रा

**जबलपुर ,यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग द्वारा कृषि महाविद्यालय जबलपुर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में हाई-टेक खेती और कृषि आधारित स्टार्टअप विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्यअतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की जबरदस्त क्षमता है, क्योंकि इससे देश की बहुत बड़ी आबादी जुड़ी हुई है। कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने कहा कि हमारी कृषि जो ग्रामीण क्षेत्रों की अवधारणा के अनुसार हो रही है, शहरी क्षेत्रों में भी कृषि विकास हाई-टेक कृषि के रूप में हो। आपने कहा कि तेजी से शहरीकरण के कारण भूमि घट रही है. कृषि योग्य भूमि कम हो रही है। लिहाजा हाई-टेक कृषि समाधान के रूप में हो सकती है। कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय में अनेक कृषि स्टार्टअप्स शुरू किये गये हैं, कई ऐसे स्टार्टअप्स हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर संचालित हैं। आपने छात्रों के कैरियर निर्माण के लिये ऐसी - कार्यशाला को सराहनीय निरूपित किया है, जो कि कृषि के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यशाला के मुख्य आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा ने स्वागत उद्बोधन एवं कार्यशाला आयोजित करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं को परपरागत कृषि ज्ञान के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर हाई-टेक कृषि जैसे नये-नये विकल्पों को अपनाने की जरूरत है। भविष्य में विश्वविद्यालय के कृषि छात्रों के रोजगार उच्च शिक्षा और कैरियर के बेहतर विकल्प के लिये अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।कार्यशाला में जनेकृविवि के पूर्व छात्र और एग्रीकॉन-2022 सदस्य एवं भारत, अफ्रीका और बांग्लादेश में हाइड्रोफोनिक्स एवं हाई-टेक खेती परियोजनाओं के सलाहकार और खेतीबाडी- परियोजना, नई दिल्ली के संस्थापक निदेशक एवं मुख्यवक्ता डॉ. प्रवीण सिंह इस क्षेत्र में अपने अनुभव और विशेषज्ञता को कर्मचारियों और छात्रों के साथ साझा किये। संचालन डॉ. अमित झा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमित शर्मा ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी.बी. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, नाहेप प्रमुख डॉ. आर.के. नेमा, डॉ. एस.बी.दास, जनेकृविवि के पूर्व छात्र एवं अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार एवं मुख्यवक्ता डॉ. प्रवीण सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग के श्री जशवंत सिंह, श्री राजू चौहान सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

**जनेकृविवि में कार्यशाला संपन्न**

# शहर के तालाबों का होगा जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण

## प्रथम चरण में 8 बड़े तालाबों को चिन्हित करने महापौर ने अधिकारियों को दिये

**जबलपुर, यश भारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' द्वारा जबलपुर शहर के तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतवर्ष में पॉन्ड मैन के नाम से विख्यात एवं तालाब सौन्दर्यीकरण एक्सपर्ट रामवीर तंवर भी शामिल हुए जिसमें उनके द्वारा जबलपुर शहर के विभिन्न तालाबों के पुनरजीबीकरण एवं रखरखाव के संबंध में अपने अनुभव नगर निगम के अधिकारियों के साथ साझा किए। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' द्वारा तालाबों के पुनर्जीविकरण जीर्णोद्वार के साथ-साथ तालाबों के सौंदर्यीकरण हेतु भी कार्य योजना तैयार करने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया, जिसमें प्रथम चरण में जबलपुर शहर के 8 ब? तालाबों के जीर्णोद्धार एवं



सौन्दर्यीकरण की कार्य योजना शीघ्र तैयार करने हेतु महापौर श्री अन्नू द्वारा निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जबलपुर शहर के सबसे बड़े तालाब गोकलपुर तालाब हेतु भी विस्तृत कार्य योजना तैयार करने निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# रसोईयों /सहायिकाओं अल्प मानदेय भोगियों के मानदेय में कुछ वृद्धि की मांग

**जबलपुर, यशभारत।** म प्र शासन,स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में नि.शुल्क मध्यान्ह भोजन योजना ( मिड-डे मील स्कीम) जिसमें छात्र-छात्राओं को पौष्टिक-आहार वितरण किया जाता है।इस कार्य हेतु प्रत्येक स्कूलों में इन नन्हें मुन्ने बच्चों के भोजन व्यवस्था में रसोइया/ सहायिका की शासन द्वारा व्ययस्था रखीं गई है, जो कि 10 से 15 वर्षों से बच्चों के भोजन व्यवस्था एवं बर्तन धोने में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं, किन्तु मात्र दो हजार रूपए मासिक मानदेय भुगतान वो भी रुक - रुक कर दिया जाता है,प्रतिमाह भुगतान तो शायद ही हुआ हो। समय पर कभी मानदेय ना मिले वो भी इस भीषण मंहगाई के दौर में इतना कम मानदेय तो इन्हें अब अपने परिवार को चलाने में कितनी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा रहा है।हर वर्ष ये आस लगाए रहते हैं, कि शासन- प्रशासन इन गरीब,अल्प मानदेय भोगियों के मानदेय में कुछ तो वृद्धि करेगा किन्तु इनकी आशा निराशा में बदल जाती है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के दिलीप सिंह ठाकुर, निरंद सिंह ठाकुर, जी आर झारिया, ऋषि पाठक,भास्कर गुप्ता, अरविन्द विश्वकर्मा, विश्वनाथ सिंह, नितिन तिवारी, संजय उपाध्याय, सतीश खरे, दुर्गेश खातरकर, ने शासन प्रशासन से मांग की है,कि शीघ्र -अतिशीघ्र इन रसोईयों /सहायिकाओं अल्प मानदेय भोगियों के मानदेय में कुछ वृद्धि करें ताकि बढ़ती मंहगाई में इनको जीवनयापन हेतु किसी से कर्ज ना लेना पड़े।

**10 से 15 वर्षों से बच्चों के लिए भोजन की पूर्ण व्यवस्था**

# रेलवे स्टाफ ने बचाई महिला यात्री की जान

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर रेल मंडल मे ट्रेन नंबर 12295 बेंगलुरु से चलकर दानापुर की ओर जाने वाली गा?ी मे दो महिलाएं नरसिंहपुर से जबलपुर यात्रा कर रही थी जबलपुर पहुंचने पर श्रीमती अंकिता साहू उम्र 32 वर्ष प्लेटफार्म 6~00 पर दमा एवं माइग्रेन अटैक से अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी सूचना मिलने पर स्टेशन निदेशक मृत्युंजय कुमार एसएमसी संजय जयसवाल सीसीआई रवि कांत डिप्टी एसएमसी हेमंत पांडे एवं मेट्रो डॉक्टर श्री प्रवीण मिश्रा तुरंत मौके पर पहुंचकर महिला को सीपीआर देकर वापस लाया गया उसके उपरांत उपचार करके मरीज की नंनद श्रीमती दीपिका उम्र 25 वर्ष त्रिमूर्ति नगर जबलपुर के साथ स्वयं की जिम्मेदारी पर घर को रवाना किया गया ।इस सराहनीय कार्य के लिए पीडित परिवारजनो ने रेलवे अधिकारियों व सहयोगी स्टॉफ को धन्यवाद दिया।

# मध्य प्रदेश शासन दे रही राहत, अफसर नहीं लगा रहे ट्रांसफार्मर

**जबलपुरयशभारत।** बिलहरी बिजली कार्यालय के अंतर्गत पिगरी के आगे उमरिया ,भीटाटेमर के किसानों के खेतों में पानी सिंचाई का साधन ना होने के कारण सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि बंजर हालत में पड़ी रहती है। उमरिया मुख्य मार्ग में बिजली की लाइन खिची हुई है लेकिन बीच में ट्रांसफॉर्मर नहीं लगे है, इस लाइन से किसानों को पंप के कनेक्सन नहीं दिए जाते है। बिजली विभाग की तरफ से किसानों को सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन की कोई भी व्यवस्था नहीं है, खेतों में पानी सिंचाई के लिए कृषक एक से पांच किलो मीटर दूर से टी सी कनेक्सन लेते है। तब जाकर खेतों में पानी सींच पाते है। लंबी दूरी से लाइन या केविल डालकर बिजली जलाने से दुर्घटनाओं की पूरी संभावना बनी रहती है, अंधड़, हवा,पानी में वायर टूटकर गिर जाते है जानवरो राहगीरों को अनेकों बार करेंट लग चुके है। स्पार्क होने से अनेक स्थानों में आग भी लग चुकी है। सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन ना होने से सरकार की मनसा के अनुसार खेती लाभ का धंधा नहीं बन पा रही है। बिजली विभाग कनेक्सन की व्यवस्था कर दे तो हजारों किसान खेती में फसल पैदा कर धंधा कर सकता है। क्षेत्रीय किसान हरिओम चौकसे सिंचाई का साधन ना होने के कारण अपने 10 एकड़ खेत में गर्मी की फसल उर्दा, मूंग की बुवाई नहीं कर पाए है। इसी तरह अन्नू पटेल भी बिजली कनेक्शन ना होने के कारण मात्र गेहूं की फसल ही ले पा रहे है। धान,या सब्जी नहीं लगा पा रहे है, वीरेंद्र पटेल, गुड्डू पटेल, राहुल यादव चार किलो मीटर दूर से तार खीच कर पंप में कनेक्सन लेते है, पिगरी पुलिया के आगे बीरेंद्र पटेल,सुरेश उपाध्याय के खेत से बनडा बाबा पहाड़ उमरिया जानवरों के खिरका तक करीबन 20 बिजली के खंभों में 11हजार के वी के तार लगे है बिजली भी चालू है, कुछ खंबे टेढ़े होकर गिरने वाले है।

**बिजली विभाग की तरफ से किसानों को सिंचाई के लिए बिजली व्यवस्था नहीं**



## *फातिमा माता मरियम की वार्षिक भक्ति ....नवीना का सातवां दिन*

### माता मरियम ने हमको एकता के सूत्र में पिरोया ...फादर सिबी जोसफ

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी जबलपुर में सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत आज नौदिवसीय प्रार्थना का छटवां दिन था।आज के पावन ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक सेंट अलॉयशियस स्कूल, सदर के प्राचार्य फादर सिबी जोसफ ने भक्तजनों की उपस्थिति में पावन ख्रीस्त्याग अर्पित करते हुए कहा...माता मरियम न केवल प्रभु येसु की माता हैं वरन हम सब की भी माता हैं। माता मरियम ने हमको प्रभु येसु के मार्ग का अनुसरण करना सिखाया तथा यह बताया कि प्रभु येसु के बताए मार्ग पर चलने से हमे अनंत जीवन मिल सकता है। प्रभु येसु की क्रूस पर मृत्यु के बाद जब सभी शिष्य और अन्य लोग भयभीत थे तब माता मरियम ने सभी को एक सूत्र में पिरोने के लिए महान कार्य किया था।

# प्रथम किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं प्रदेश एमेच्यौर एथलेटिक्स एसोसियेशन के निर्देशन में जबलपुर जिला एथलेटिक्स संघ, रनर्स क्लब एवं साइंस कॉलेज एथलेटिक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एथलेटिक्स दिवस के अवसर पर प्रथम किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय व्हीकल फैक्ट्री स्टेडियम व साइंस कॉलेज मैदान में सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें जबलपुर संस्कारधानी के 05 वर्ष से 12 वर्ष के बालक/बालिकाओं ने भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।परिणाम इस प्रकार रहे लांग जम्प पोल के साथ (बालक वर्ग ) - प्रथम पियूष यादव, द्वितीय अवनी साहू, तृतीय अरनव लांग जम्प पोल के साथ (बालिका वर्ग ) - प्रथम नोशिया खान, द्वितीय रिदिमा कोरी, तृतीय नियांशा स्वामी 102 स्प्रिंट रिले (बालक वर्ग)-प्रथम अभिषेक साहू, द्वितीय अन्ना दिवाकर, तृतीय हर्ष वर्धन चौधरी व तनिष्क यादव। स्प्रिंट रिले (बालिका वर्ग )- प्रथम माही चौबे, द्वितीय नोशिन खान, तृतीय रिदिमा कोरी 3. 100 मीटर इंडोरेंस दौड (बालक वर्ग)-प्रथम जय कुमार द्वितीय नमन कुमार, तृतीय दिव्यांश साहू 100 मीटर इंडोरेंस दौड (बालिका वर्ग)-प्रथम सरस्वती, द्वितीय रिदिमा कोरी, तृतीय माही चौबे शॉट रन लांग जम्प (बालक वर्ग ) - प्रथम रोमेश रजक, द्वितीय सक्षम साहू, तृतीय साहिल पासी शॉट रन लॉग जम्प (बालिका वर्ग)- प्रथम नियांशा स्वामी, द्वितीय रिदिमा कोरी, तृतीय माही चौबे स्प्रिंट बाधा दौड़ (बालक वर्ग)- प्रथम साहिल पासी, द्वितीय अन्ना दिवाकर, तृतीय पियूष यादव स्प्रिंट बाधा दौड (बालिका वर्ग ) - प्रथम रिदिमा कोरी, द्वितीय माही चौबे, तृतीय नोशिया खान प्रतियोगिता उपरांत सभी पदक विजेताओं को पदक व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जबलपुर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद अग्निहोत्री, सचिव अजित कन्नौजिया, एनआईएस कोच नवनीत एवं धनराज पिल्ले, सुरेश यादव, का सराहनीय योगदान रहा।



# बीडीयू के तहत अप्रैल माह में 9 करोड 64 लाख का रेल राजस्व अर्जित किया*

**जबलपुर यशभारत।** पमरे अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादकों को भी प्रोत्साहित कर रही है। मिशन मोड के तहत व्यवसाय विकास इकाई (बीडीयू) की स्थापना पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों में की गई है। परिणाम स्वरूप पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल 2023 में बीडीयू के तहत नई स्ट्रीम फ्रेट लोडिंग के तहत फ्लाई ऐश और फूड ग्रेन की लोडिंग से 09 करोड 64 लाख का रेल राजस्व अर्जित किया। पमरे के तीनों मण्डलों में स्थापित बीडीयू मार्केटिंग के तहत अप्रैल माह में निम्नानुसार नया बिजनेस हासिल किया है



# व्हीएफजे ब्रांच एआईए एन जी ओ के चुनाव संपन्न

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस व्हीएफजे मे अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन (एआईएएनजीओ)का 91वां स्थापना दिवस महाप्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता के संरक्षण एवं संयुक्त महाप्रबंधक रामेश्वर मीणा के मुख्य आथित्य में मनाया गया।इस अवसर पर एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए।जिसमें पुनः सर्वसम्मति कामता द्विवेदी अध्यक्ष जबकि जितेंद्र दुबे चौथी बार सचिव चुने गए।साथ ही नई कार्यकारिणी में मुकेश विश्वकर्मा अजय अवस्थी और हरीश चौधरी उपाध्यक्ष संयुक्त सचिव डी तुलकर राजेश तिवारी एवं आर नटराज एय्यर ,आडीटर सतीश समाधिया, ट्रेजरार आर मसीह ,संगठन सचिव रवि कनौजिया की घोषणा की गई।संरक्षक अशोक कुमार गुप्ता और मुख्य अतिथि रामेश्वर मीणा ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।इस मौके पर ओएफके के अजय यादव सतेन्द्र सिंह अजय चौहान एवं सुभाषचंद्रा आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं को 1500 नगद और गैस सिलेंडर 500 रुपए में देगी कांग्रेस

## नारी सम्मान योजना : घर-घर भरे जा रहे हैं फॉर्म

**जबलपुर,यशभारत।** पूरे मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने नारी सम्मान योजना का मंगलवार को छिंदवाड़ा के परासिया में शुभारंभ किया। प्रदेश की हर महिला को 1500 रुपए प्रतिमाह और 500 रुपए के घरेलू गैस सिलेंडर दिया जाएगा। दिसंबर 2023 माह में अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो इस योजना का लाभ मातृशक्तियों को दिया जाएगा। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर बिना किसी भेदभाव से शुरू होने वाली नारी सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा जबलपुर में भी 10 मई से घर-घर जाकर महिलाओं से योजना के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। जिन-जिन महिलाओं से यह फॉर्म भराए जा रहे हैं उन्हीं को नवंबर-दिसंबर माह में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद योजना का लाभ दिया जाएगा।



मतलब नारी सम्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को कांग्रेस सालाना 18 हजार रुपए देगी और वहीं गैस सिलेंडर में 600 रुपए की बचत के साथ सालाना करीब 25 हजार रुपए की बचत भी होगी। यह जानकारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक तरूण भनोट, विधायक विनय सक्सेना, जिले के प्रभारी सुनील जैन ने पत्रकारों को दी है। विधायक तरूण भनोट ने कहा कि कांग्रेस मातृशक्तियों को सशक्त बनाने लगातार प्रयास कर रही है। इसी के तहत प्रदेश की महिलाओं को नारी सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। वहीं विधायक विनय सक्सेना ने बताया कि भाजपा सरकार घोषणाएं करती है लेकिन कांग्रेस पार्टी वचन देती है। इस मौके पर महापौर व नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक तरूण भनोट, विनय सक्सेना, संजय यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सौरभ नाटी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री जमना मरावी, जतिन राज, रिजवाल अली कोटी, विजय रजक सहित अन्य कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## नरसिंहपुर जिले की पारेषण क्षमता को मिली मजबूती

# एमपी ट्रांसकों ने चीचली में ऊर्जीकृत किया 160 एम व्ही ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर

जबलपुर,यशभारत। एमपी ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने 220 के व्ही सबस्टेशन चीचली (गाडरवारा) में करीब 09 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 160 एम व्ही ए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत करने में सफलता पायी है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने इस सफलता के लिए एम पी ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि चीचली में इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से नरसिंहपुर जिले की पारेषण क्षमता को मजबूती मिली है साथ ही इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से नर्मदापुरम् जिले के 220 के व्ही सबस्टेशन पिपरिया को भी राहत मिलेगी। अब वनखेड़ी और पोंडर 132 के व्ही सबस्टेशनों के माध्यम से 220 के व्ही सबस्टेशन पिपरिया से नरसिंहपुर जिले में होने वाला विद्युत पारेषण नियंत्रित हो सकेगा तथा जरूरत पड़ने पर नर्मदापुरम् जिले में चीचली सबस्टेशन से विद्युत प्रवाह संभव हो सकेगा।



***1682 एम व्ही ए हो गई है नरसिंहपुर जिले की पारेषण क्षमता***

नरसिंहपुर जिले के मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी अपने कुल 12 सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। जिससे 220 के व्ही के 02 सबस्टेशन तथा 132 के व्ही के 10 सबस्टेशन शामिल है। अब नरसिंहपुर जिले की कुल स्थापित पारेषण क्षमता बढ़कर 1682 एम व्ही ए की हो गई है। जिसमें 220 के व्ही साइड 640 तथा 132 के व्ही साइड 1522 एम व्ही ए है।

### नरसिंहपुर जिले को मिलेगी भरोसेमंद गुणवत्तापूर्ण विद्युत

एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री पी. सी. निगम बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से 220 के व्ही सबस्टेशन नरसिंहपुर को राहत मिलेगी जहां से नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर, बरमान, करकबेल, करपगांव, गाडरवारा, सबस्टेशनों को विद्युत आपूर्ति होती है। अब 132 के व्ही सबस्टेशनों गाडरवारा, करपगांव, पलोहाबड़ा, पोंढर, तेंदुखेड़ा, बरमान को चीचली सबस्टेशन से उचित वोल्टेज पर विश्वसनीय गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई मिल सकेगी।

# सीसीटीएनएस में जबलपुर जिले की रैंक हुई बेहतर : 14वें पायदान पर पहुंची

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने आरक्षकों की ली बैठक

### दिये डाटा फीडिंग के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश, अच्छा कार्य करने वाले आरक्षकों को किया पुरूस्कृत



**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस कंट्रोल रूम जबलपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा की उपस्थिति में थानों में सीसीटीएनएस में डाटा फीडिंग का कार्य कर रहे आरक्षकों की एक बैठक ली गई। जिसमें अच्छा कार्य करने वाले आरक्षकों को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि सीसीटीएनएस में मध्य प्रदेश के 53 जिलों में जबलपुर जिले की रैंकिंग 17वें पायदान से 14वें पायदान पर आ गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सी.सी.टी.एन.एस. प्रोजैक्ट बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, राष्ट्रीय ई-गवर्मेंस योजना अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों का वास्तविक समय मे पता लगाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से अपराधियों की उच्च स्तरीय राष्ट्र व्यापी ट्रैकिंग प्रणाली के सृजन हेतु सी.सी.टी.एन.एस. को मिशन मोड परियोजना के रूप मे प्रारम्भ किया गया है। उल्लेखनीय है कि 2 अप्रैल 2023 को आपके द्वारा सीसीटीएन में कार्यरत आरक्षकों की बैठक ली गयी थी एवं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त रैंकिंग के पैरामीटर पर सीसीटीएनएस प्रभारी एवं सीसीटीएनएस ऑपरेटरों से चर्चा कर सीसीटीएनएस कार्य की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए दिशा निर्देश देते हुये निदेर्शित किया था कि आप सभी के द्वारा अपराध विवरण फार्म, नक्शा मौका, केस डायरी, चरित्र सत्यापन का पंजीकरण एवं निराकरण, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, भी भरना है। डाटा एंट्री में सीसीटीएनएस कर्मचारी द्वारा जो सूक्ष्म.सूक्ष्म गलतियॉ की जा रही थी उन गलतियों पर सुधारात्मक नजरियें से सुधार करने हेतु सुझाव दिया गया जिससे भविष्य में डाटा एंट्री में सुधार होकर त्रुटि की गुंजाईश न रहे के सम्बंध में भी बताया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप सीसीटीएनएस में मध्य प्रदेश के 53 जिलों में जबलपुर जिले की रैंकिंग 17वें पायदान से 14वें पायदान पर आ गयी है। थानों में सीसीटीएनएस में डाटा फीडिंग मे अच्छा कार्य करने वाले थाना तिलवारा में पदस्थ आरक्षक यशवंत सिंह, उदय एवं महिला आरक्षक पूनम को 250-250 रूपये के नगद पुरूस्कार से तथा थाना गोराबाजार मे पदस्थ आरक्षक खेमराज, योगेश चंद्रोल एवं महिला आरक्षक आरती यादव को 200-200 रूपये के नगद पुरूकार से तथा थाना कोतवाली में पदस्थ आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, सौरभ सिंह एवं महिला आरक्षक ममता परते को 100-100 रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया गया।

# निगम परिसर और नगरीय सीमा क्षेत्र में 31 मई तक धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल पर रोक

## सभी पंजीकृत कर्मचारी यूनियन संघ एवं एसोसियेशन को किया गया निर्देशित



**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम प्रशासन द्वारा 31 मई तक हड़ताल, धरना, एवं समस्त प्रकार के कर्मचारी प्रदर्शनों पर रोक लगाई गई है। इस संबंध में आज निगम प्रशासन द्वारा एक आदेश जारी कर नगर निगम के सभी पंजीकृत, कर्मचारी यूनियन, संघ एवं एसोसियेशन को निर्देशित किया है कि वर्तमान समय में भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023, मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण एवं लोक अदालत का आयोजन संबंधी कार्य चल रहे हैं, इन सभी कार्यो में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिये निगम प्रशासन ने आदेश जारी किया है। निगम प्रांगण एवं नगरीय सीमा क्षेत्र में ह?ताल-प्रदर्शन एवं धरना न देने स्पष्ट रूप से सभी पंजीकृत संघों को निर्देशित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि लोक अदालत की कार्यवाही न होने से उपर्युक्त कृत्य माननीय न्यायालय की अवमानना होगी।

# जबलपुर से हरिद्वार की ट्रेन पुनः चालू करवाने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में मोर्चा के सदस्यों द्वारा जबलपुर डीआरएम ऑफिस पहुच कर डीआरएम के नाम ए सी एम को ज्ञापन सौंपा जिसमे जबलपुर से हरिद्वार के लिए ट्रेन चलाने की मांग की गई मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा कि माँ नर्मदा की नगरी संस्कारधानी जबलपुर में माँ नर्मदा के अनन्य भक्त रहते है, जबलपुर महाकौशल का प्रमुख केंद्र है, गंगा स्नान और देश का प्रमुख तीर्थ हरिद्वार जाने वालो के लिए जबलपुर से हरिद्वार के बीच नियमित ट्रेन शुरू की गई थी. किन्तु कोरोना संकट के चलते इस ट्रेन को बंद कर दिया गया था,हरिद्वार दर्शन और गंगा स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इस ट्रेन के पुनः शुरू होने से पर्यटन,धार्मिक और रेल राजस्व को बड़ा फायदा मिलेगा अतः जबलपुर हरिद्वार ट्रेन को शीघ्र से शीघ्र चालू किया जाए। इस दौरान मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, आशीष मिश्रा, राहुल तिवारी, बल्लू पटेल,धर्मेंद्र ताम्रकार, कुलदीप सोनी,सुमित सोनी , ऋषभ तिवारी, रमित परोहा,आदि उपस्तिथ थे।

## दीवार कूदकर अंदर घुसे लोगों ने बका-फरसा के वार से किसान की कर दी हत्या

**जबलपुर, यशभारत।** गोटेगांव थानांतर्गत राखीभैंसा गांव में बीती देर रात पुरानी रंजिश भुनाने घर की दीवार कूदकर अंदर घुसे हथियारबंद बदमाशों ने किसान की धारदार हथियार के वार से हमला कर हत्या कर दी जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान करीब 7 लोगों ने बका, फरसा से किसान के उपर कई वार किए जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि गांव के इंद्र पटैल, महेंद्र, कमलेश पटैल ने उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। बीती रात नितिन पटैल 30 वर्ष किसान अपने घर पर अकेला था और घर के सदस्य पड़ोस में गए थे। इसी दौरान इंद्र, कमलेश पटैल सहित करीब 7 लोग दीवार कूदकर घर में घुसे और बका-फरसा के वार से नितिन की हत्या कर दिए। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। इस सनसनीखेज वारदात से गांव में सनसनी फैल गई।

## घर के छप्पर उतारकर युवक को डंडों से धुना : खोल दिया सिर, एफआईआर



**जबलपुर, यशभारत।** थाना कोतवाली अंतर्गत पड़ोसी ने अपने साथी के साथ मिलकर पीड़ित युवक के घर के छप्पर उतार दिए और जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा मारकर सिर खोल दिया। जिसके बाद पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पीड़ित की रिर्पोट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कौशल चौधरी 33 वर्ष निवासी दमोहनाका ने बताया कि वह पल्लेदारी का काम करता है। देर रात पल्लेदारी करके घर आया तो देखा पड़ौसी करन चौधरी और साथी लाला चैधरी उसके घर की छत के छप्पर उतार रहे थे। उसने विरोध किया तो दोनों गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो लाला चैधरी ने लाठी से सिर में एवं करन ने मारपीट कर लहुलुहान कर दिया।

## रांझी में शराब पीकर अधेड़ फांसी पर झूला

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत गोकलपुर में शराब के नशे में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बताया जा रहा है कि अधेड़ ने देर रात बहुत शराब पी और परिजनों से झगड़ा कर सो गया और सुबह उसका फंदे पर लटका हुआ शव मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश चौधरी उम्र 42 साल पिता श्याम सुंदर चौधरी गोकलपुर का रहने वाला था। जिसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जांच के दौरान पता चला है कि अधेड़ शराब का अत्यधिक सेवन करता था। जिसने नशे में धुत्त होकर आत्मघाती कदम उठा लिया। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## कन्वेयर मशीन द्वारा मालगाड़ियों की लोडिंग/अनलोडिंग प्रारंभ



**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल माल यातायात को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यपारियों को अधिक से अधिक सुविधाओं को उपलब्ध करने की दिशा नई-नई आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में जबलपुर मण्डल के कछपुरा माल गोदाम में माल गाड़ियों में लोडिंग/अनलोडिंग के कार्य को कन्वेयर मशीन के द्वारा किया जा रहा है। इस सुविधा का उपयोग करने में जबलपुर रेल मण्डल पमरे का पहला मण्डल बन गया है। बुधवार को मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील की उपस्थिति एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन के नेतृत्व में कछपुरा माल गोदाम से पहला रैक कन्वेयर मशीन के द्वारा माल उतारने का कार्य किया गया। इस कन्वेयर सिस्टम के द्वारा 1 घंटे में 1200 बोरी गेहूं, चावल, खाद आदि बैग कंसाइनमेंट को माल गाड़ियों में लोड करने तथा उतारने का भी कार्य किया जा सकेगा। इन मशीनों के लगने से अब व्यापारियों को माल गोदाम में माल को रोकने के लिए दिए जाने वाले शुल्क से मुक्ति मिलेगी और तीव्र गति से लोडिंग/अनलोडिंग का कार्य हो सकेगा जिससे कि इस कार्य में लगे मजदूरों को भी ज्यादा कार्य मिलेगा इसके साथ ही रेलवे की राजस्व/आय में भी वृद्धि होगी।

# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण का शुभारम्भ

### (कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दीप प्रज्वलित कर की न गई अभियान की शुरुआत)

**जबलपुर, यशभारत।** राज्य शासन के निर्देशानुसार दस मई से इकतीस मई तक के इस अभियान का जिला स्तर पर शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर प्रतीक के तौर पर बारह आवेदकों को परिवहन विभाग से संबंधित सेवायें प्रदान की गई । मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण के शुभारंभ पर अलीराजपुर जिले के जोबट में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन का सीधा प्रसारण भी इस कार्यक्रम में किया गया ।कार्यक्रम में विधायक सुशील तिवारी इंदु, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व महापौर प्रभात साहू विशेष तौर पर मौजूद थे । जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे ।कार्यक्रम में जिन बारह आवेदकों को परिवहन विभाग की सेवाओं से लाभान्वित किया गया, उनमें से आठ को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किये गये तथा एक के ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया । इसी प्रकार तीन वाहनों के पंजीयन का नवीनीकरण कर वाहन स्वामियों को पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये ।

## झांसे में लेकर 62 हजार रुपये की ठगी : कहा- एक्सीडेंट हो गया है रुपये भेजो...



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर में ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहा गल्ला एजेंट को ठग ने उसका रिश्तेदार बनकर फोन किया और कहा कि उसका एक्सीडेंट हो गया है बैंक खाते में रुपये डाल दो। उसने रकम डाल दी लेकिन बाद में पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गया है। जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस प्रकरण की जांच में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शांति नगर निवासी पीड़ित सुधीर खरे ने बताया कि 2 फरवरी 2023 को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया । फोन करने वाले ने उसका रिश्तेदार बनकर उसे झांसे में मिला और रकम बैंक खाते में डलवा ली। बाद में पता चला कि वह उसका कोई रिश्तेदार नहीं, बल्कि ठग है। जिसने उससे रकम ऐंठ ली। थाना पुलिस, सायबर टीम के साथ मिलकर आरोपी को ट्रेस करने में जुटी है।

## भजन संध्या कार्यक्रम 16 मई को

**जबलपुर, यशभारत।** माँ नर्मदा जागरण द्वारा आगामी 16 मई को दाऊ मैरिज गार्डन बाईपास चौराहा में पं. राधेश्याम चौबे जी के जन्मदिवस के अवसर पर भजन संध्या कार्यक्रम शाम 5 बजे से आयोजित है। उपस्थिति की अपील पं. प्रभात दुबे ,राजू दीवाना ने की है।

**नाम सूधार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SURYANK SAHU पिता KRISHN KUMAR पता हाउस नंबर 193 gadasrai gada sarai mall dindori 481882 का निवासी हूँ। मेरी दसवीं की अंक सूची में मेरे पिता का नाम KRISHNA KUMAR SAHU दर्ज हैं जो कि गलत नाम हैं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम KRISHN KUMAR दर्ज है जो कि सही और पूरा नाम हैं। अतः आज दिनांक से मेरे पिता का नाम KRISHN KUMAR से लिखा जावें एवं पढ़ा जावें।

**गलत नाम-KRISHNA KUMAR SAHU**
**सही नाम-KRISHN KUMAR**

**सिकमी सूचना**

**श्री ठाकुर बिहारी जी महाराज कुचैनी मंदिर ट्रस्ट, जबलपुर की काश्तकारी जमीन लगभग 31 एकड़ भरेल कावर मौजा जमुनिया, पोस्ट सकरा, तहसील पाटन की 1 वर्ष के लिये नीलामी द्वारा सिकमी पर दिनांक 14.5.2023, दिन रविवार को शाम 3.00 बजे से श्री कुचैनी मंदिर ट्रस्ट प्रांगण सराफा में सिकमी की जानी है। बोलीकर्ता को बोली बोलने के पूर्व 1,25,000/- अंकन एक लाख पच्चीस हजार रुपया नगद जमा करना होगा। अन्य शर्तें पूर्व वाचन की जावेंगी।**

**सरबराहकार -**
**जितेश सोहाने**
**मो. : 9301111360**

## ओवर हालिंग के चलते रेलवे का माधव नगर का गेट नंबर 353 बंद रहेगा

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल के कटनी साउथ ङ्क निवार के बीच रेल समपार फाटक क्र. 353/ स्पेशल माधवनगर गेट पर ओवर हालिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है. इस कार्य के चलते यह रेल फाटक 10 मई से 17 मई 2023 तक एक सप्ताह के लिए वाहनों के आवागमन हेतु बंद रहेगा. सहायक मंडल इंजीनियर कटनी द्वारा कराये जा रहे उक्त कार्य के चलते रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नजदीक के अंडरपास 352 छरहरी, समपार फाटक क्रमांक 351 बरखेड़ा, समपार फाटक क्रमांक 355 कटनी साउथ ऑर्डिनेंस फैक्ट्री गेट से वाहनों के आवागमन की व्यवस्था की है. रेल प्रशासन ने वाहन चालको से अनुरोध किया है कि बंद अवधि में माधवनगर गेट के स्थान पर उक्त गेट का उपयोग करे जिससे रेलवे द्वारा समय पर ओवर हालिंग कार्य पूर्ण किया जा सके।

# जीसीएफ में उत्पादन लक्ष्य पाने के लिए ओवरटाइम जरूरी

### मजदूर संघ हथोड़ा ने एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर को सौंपा पत्र

**जबलपुर यशभारत।** जीसीएफ में यदि चालू सत्र में उत्पादन लक्ष्य पाना है तो ओवरटाइम चलाना अपरिहार्य है।इसके बिना असंभव है।क्योंकि पिछले सत्र में लक्ष्य से आधा ही उत्पादन हो सका है।इसकी वजह भी है कि निर्माणी में लगातार कार्य करने वाले हाथों की कमी हो रही है।सेवा निवृत्ति के एवज में भर्तियां नहीं हो रही है।दूसरे अन्य स्त्रोतों से आपूर्ति होने वाले कच्चे माल की आपूर्ति में विलंब होता है।लिहाजा समय पर कच्चे माल की आपूर्ति समय पर हो और तत्काल ओवर टाइम शुरू किया जाए ताकि समय पर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इस संबंध में यूनियन के सभी पदाधिकारियों द्वारा गन कैरिज फैक्ट्री के ईडी दीपक गुप्ता को ओवर टाइम चालू करने के लिए ज्ञापन दिया ।कहा पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 950 करोड़ का उत्पादन लक्ष्य था नवंबर माह के अंत में जाकर 51 घंटे ओवरटाइम देने से निर्माणी निर्माणी मात्र 430 करोड़ का उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर पाई। जबकि इस वित्तीय वर्ष में उत्पादन लक्ष्य 1170 करोड़ के लगभग है जो कि बिना अतिरिक्त समय के असंभव सा है। इसलिए अभी से निर्माणी में 54 घंटे या 51 घंटे ओवरटाइम चालू किया जाए ताकि उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर सके।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर,**
**लोककर्म विभाग तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No/ PWD/e-tendering/PRO-89 — दिनांक : 10.05.2023

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फार्म से नि.लि. कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्र. - 14 | संभाग क्र.-14 डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में उर्दू नवीन प्राथमिक माध्यमिक शाला पर संजीवनी क्लीनिक निर्माण। | जबलपुर | रु. 24.72/- लाख (चौबीस लाख बहत्तर हजार रु. मात्र) | 04 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 12.05.2023 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 27.05.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है ।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्र.-14, नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**
**कार्यालय पता-तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर**
दूरभाष 0761 (2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक/561/निविदा/ग्रायांसेवा/2023 — **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2023-24** — जबलपुर, दिनांक : 02.05.2023

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जबलपुर, बालाघाट क्र. 01 के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति के अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस.ओ.आर. जो कि निम्नलिखित कॉलम क्रमांक 11 में दर्शित है, के अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची सहित ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है :- निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां ऑनलाईन देखी जा सकती है, जो कि प्रकाशित नहीं की जायेगी।

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (PAC)(राशि रूपये में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बालाघाट क्र.-01 | 2023-RES_273266_1 | ग्राम पंचायत मोवांला के ग्राम रजमा चौक से ग्राम करेली गोरखुपर मार्ग पर डामलीरकण कार्य लंबाई 1.80 कि.मी.। | बैहर | 7936929.00 | 79369.00 | 10000.00 | 240 दिवस | प्रथम | 11.04.2023 |
| 2 | बालाघाट क्र.-01 | 2023-RES_273269_1 | ग्राम पंचायत जैरासी के ग्राम अगलपुर से वरमवेण्डी (मण्डई) मुख्य मार्ग की ओर डामलीरकण कार्य लंबाई 1.85 कि.मी.। | बिरसा | 7953498.00 | 79535.00 | 10000.00 | 240 दिवस | प्रथम | 11.04.2023 |

**निविदा संबंधी तिथियां (Key Dates) :-**
(1) Date of Publishing of Tender/Document Download/ Sale Start Date - 10.05.2023 (11.00 AM)
(2) Pre Bid Metting at Office of SE RES Jabalpur - 12.05.2023 (11.30 AM)
(3) Document Download/Sale End Date/Technical Bid Submission End Date - 17.05.2023 (5.30 PM)
(4) Bid Opening Date - 19.05.2023 (11.00 AM)

जी- 12685/23 — **अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल, जबलपुर**

**मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**
कार्या० कार्यपालन अभियंता (संचालन/संधारण) संभाग जबलपुर।
1912
PHONE-2620779 E Mail- eeonmjabalpur@gmail.com
**विद्युत आपूर्ति बंद रहने की सूचना**

विद्युत लाइन में अतिआवश्यक मेंटनेंस कार्य हेतु निम्नानुसार उपकेन्द्रों से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

| आपूर्ति बंद रहने का दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मो0 नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 12.05.2023 | सुबह 07:00 से दोपहर 02:00 बजे तक। | 132 के0व्ही0 उपकेन्द्र शहपुरा से निकलने वाला 33 के0व्ही0 बेलखेड़ा-3 फीडर, 33/11 के0व्ही0 नारायणपुर उपकेन्द्र से निकलने वाला 33 के0व्ही0 भिड़की फीडर, 33/11 के0व्ही0 बिनैकी उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 मंगेला कृषि फीडर, 33/11 के0व्ही0 भेड़ाघाट उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 विपसना घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 नारायणपुर उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 जोधपुर घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 बरगी उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 बरगीनगर घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 सलैया उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 बरौदा कृषि एवं पुरैना कृषि फीडर, 33/11 के0व्ही0 बारहा उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 चौखड़ा घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 बरेला उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 जमुनिया फीडर, 33/11 के0व्ही0 बघराजी उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 सुनावल घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 पिपरिया उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 अमझर घरेलू फीडर एवं 33/11 के0व्ही0 मानेगांव उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 पिपरिया घरेलू फीडर, 33 के0व्ही0 निवास से कुडंम प्रभावित 33/11 चौरई एवं 33/11 कुडंम उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के0व्ही0 फीडर से सबंधित समस्त उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ता। | Mr. Amit Saxena (AE) & Mr. Sujeet Mehto (AE) | 9425806169 & 9425806173 |
| 13.05.2023 | | 220 के0व्ही0 उपकेन्द्र नयागांव से निकलने वाला 33 के0व्ही0 NTPC-II फीडर, 33/11 के0व्ही0 चरगवां उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 सिध्दपुरी कृषि फीडर, 33/11 के0व्ही0 बेलखाडू उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 बेलखाडू कृषि फीडर, 33/11 के0व्ही0 लम्हेटाघाट उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 भड़पुरा कृषि फीडर, 33/11 के0व्ही0 मजीठा उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 हटेपुर घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 बरगी उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 मानेगांव घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 कुशनेर उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 कुशनेर घरेलू फीडर, 33/11 के0व्ही0 बारहा उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 चौखड़ा कृषि फीडर, 33/11 के0व्ही0 पड़वार उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 परतला फीडर, 33/11 के0व्ही0 बघराजी उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 सुनावल कृषि फीडर, 33/11 के0व्ही0 मानेगांव उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 पिपरिया कृषि फीडर, 33/11 कुडंम उपकेन्द्र से निकलने वाला 11 के0व्ही0 बघराजी Back फीडर से सबंधित समस्त उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ता। | | |

नोट-आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई/घटाई जा सकती है
बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 डायल करें

आदेशानुसार
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
म0प्र0 पू0क्षे0 वि0वि0 कं0लि0, जबलपुर।

# सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, गांव भी समरस ही रहें किसी का कोई मामला थाने न जाए

भोपाल,यशभारत ।

**समरस पंचायतों ने निर्विरोध पंच और सरपंच निर्वाचित कर श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। ये पंचायतें अद्भुत हैं, इन पंचायतों में आने वाले गांव समरस ही रहें, किसी भी गांव का कोई मामला थाने न जाए, हम आपस में ही विवादों का निराकरण कर लें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वे मंगलवार को अपने आवास में समरस पंचायत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।**




चौहान ने बुधनी क्षेत्र की समरस पंचायतों को पुरस्कार राशि के चेक दिए। वहीं पंचायत पुरस्कार योजना एवं मुख्यमंत्री जन आवास योजना के सात करोड़ 39 लाख रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित किए। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पंचायतें सामाजिक समरसता के साथ स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी उदाहरण प्रस्तुत करें। मेरी जिंदगी का मकसद प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों में पंच-सरपंच निर्विरोध चुने गए, वहां विकास और जन-कल्याण के लिए पुरस्कार स्वरूप अतिरिक्त राशि देने का निर्णय लिया गया था। जिन पंचायतों में गरीबों के पास मकान नहीं हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिया जाएगा। बहनों की जिंदगी बदलने में मैंने अपनी जिंदगी लगा दी है।

### सलकनपुर देवी लोक का भूमिपूजन 31 मई को

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुधनी क्षेत्र में सिंचाई, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, विद्युत आपूर्ति और औद्योगिक गतिविधियों का बहुत विस्तार हुआ है। अब सलकनपुर देवी लोक विकसित किया जा रहा है, जिसका भूमिपूजन 31 मई को होगा। 16 से 28 मई तक गांव-गांव में यात्राएं निकलेंगी। च्एक ईट आपके घर कीज्ञ अभियान के दौरान यात्राओं में ईट देकर क्षेत्र के सभी परिवार देवी लोक निर्माण में योगदान दें।

## भाजपा की तीन नेता बोलीं

# महिलाओं को टंच माल और आइटम कहने वाली कांग्रेस भला नारी सम्मान कैसे करेगी?

■ भोपाल, यशभारत।

**मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना के जवाब में शुरू की गई च्नारी सम्मान योजनाज को लेकर भाजपा की तीन महिला नेत्रियों ने प्रेस कांफ्रेंस करके तंज कसा है। उन्होंने सवाल किया कि महिलाओं को टंच माल और आइटम कहने वाली कांग्रेस भला नारी सम्मान कैसे कर सकती है? मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस, पूर्व मंत्री रंजना बघेल एवं मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष इमरती देवी ने नारी सम्मान योजना को लेकर कांग्रेस को निशाने पर लिया।**

प्रेस कांफ्रेंस में तीन नेत्रियों ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने नारी सम्मान योजना के नाम से नया फरेब प्रारंभ किया है। जिसे कमलनाथ नारी सम्मान कह रहे हैं, वह नारी सम्मान नहीं बल्कि कांग्रेस कल्याण की कवायद है।भाजपा नेत्रियों ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले भी कर्जमाफी के नाम पर एक ऐसी ही धोखाधडी कमलनाथ ने सत्ता हथियाने के लिए प्रदेश के किसानों से की थी। जिसके कारण प्रदेश के किसान डिफाल्टर हुए, वही फरेब प्रदेश की बहनों से कमलनाथ नारी सम्मान योजना के नाम पर कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता महिलाओं को टंच माल और आयटम कहते हैं।ऐसी कुत्सित मानसिकता रखने वाले राशि रोककर उनके मुंह का निवाला छीना था। पूर्व मंत्री रंजना बघेल ने कहा कि कमलनाथ ने विधानसभा चुनाव के पूर्व आजीविका मिशन से जुडी बहनों को लोन देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने वादाखिलाफी की, जबकि भाजपा सरकार ने स्वसहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोन

### वहीं, दिग्विजय सिंह महिलाओं को टंच माल कहते हैंऔर कमलनाथ स्वयं महिलाओं को आइटम बताते हैं

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री इमरती देवी ने कहा कि कमलनाथ जब मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने कन्यादान योजना में किसी भी बेटी का विवाह नहीं किया और लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ भी किसी बेटी को नहीं दिया। आज कमलनाथ महिला सम्मान की बात करते है लेकिन इन्हीं कमलनाथ ने भरे मंच से च्आइटमज्कहकर मुझे अपमानित करने का काम किया।और अब जब विपक्ष में हैं तो नारी सम्मान योजना केनाम पर महिलाओं को भ्रमित कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं से भला नारी सम्मान की उम्मीद कैसे की जा सकती है? उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रहते हुए कमलनाथ ने भाजपा सरकार में चल रही नारी सशक्तिकरण की सारी योजनाएं बंद कर दी थी, ऐसे कमलनाथ कैसे नारी सम्मान करेंगे? पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने कहा कि आज कमलनाथ नारी सम्मान की बात कर रहे हैं, जबकि यही कमलनाथ 15 महीने मुख्यमंत्री रहे। तब उन्होंने जनजातीय महिलाओं के पोषण आहार के लिए दी जाने वाली दिया। आज बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त हुई हैं। कमलनाथ ढोंग, छल, कपट, छद्म के प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि कमलनाथ किस मुंह से नारी सम्मान की बातें कर रहे हैं जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता सज्जन सिंह वर्मा महिलाओं को लेकर अनर्गल बातें करते हैं। आदिवासी समाज की गौरव राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन अशोभनीय टिप्पणी करते हैं।

# मप्र में गर्मी ऐसी कि सड़क का डामर पिघल गया

## मई में पहली बार तापमान 41 डिग्री पार पहुंचा

■ भोपाल, यशभारत।



**तूफान मोचा की वजह से चलेगी आंधी**

मध्यप्रदेश में प्रचंड गर्मी का कहर शुरू हो गया है। कड़क धूप के कारण सड़कों का डामर पिघलने लगा है। 15 मई के बाद ही हीट वेव चल सकती है। खासतौर से छतरपुर, भिंड, मुरैना, नौगांव, खजुराहो, पन्ना आदि जगहों पर गर्मी का असर तेज रहेगा। ग्वालियर संभाग में गर्मी तेवर दिखाएगी। इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर में असर थोड़ा कम रहेगा।अभी तो भोपाल ग्वालियर, रतलाम, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, नौगांव और गुना में तापमान 40 डिग्री के पार है। इनमें रतलाम, नरसिंहपुर और टीकमगढ़ में सबसे ज्यादा गर्मी है। इसके अलावा रातें भी गर्म हो गई हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी मौसम का मिजाज बदल सकता है। दोपहर तक तेज गर्मी तो इसके बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। तूफान च्मोचाज की वजह से प्रदेश में मौसम फिर बदलेगा। यहां हवा की रफ्तार सामान्य से दो या तीन गुनी ज्यादा हो सकती है। मौसम विभाग नेकुछ जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई है। इसकी वजह चक्रवात का एक्टिव होना है। मौसम वैज्ञानिक एसएन साहू ने बताया कि रीवा संभाग के अलावा जबलपुर, निवाड़ी, अनूपपुर, सागर, शहडोल, टीकमगढ़, छतरपुर, सिवनी, ग्वालियर, रायसेन, नर्मदापुरम, विदिशा, नीमच और मंदसौर में हल्की बारिश हो सकती है। सिवनी में ओलावृष्टि की भी संभावना है। वहीं, कहीं-कहीं आंधी की रफ्तार ज्यादा हो सकती है। मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा। दिन में सूरज के तेवर तीखे हैं तो दोपहर बाद मौसम बदल सकता है। हल्की बूंदाबांदी की संभावना भी मौसम वैज्ञानिकों ने जताई है।इससे पहले सोमवार को मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदला सा रहा। सिवनी, मंडला और सागर में हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं, रतलाम, नरसिंहपुर-टीकमगढ़ में गर्मी के तेवर तेज रहे। यहां पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ग्वालियर, नौगांव और गुना में पारा 40 डिग्री के पार रहा। भोपाल में पारा 38.5, इंदौर में 38.4, ग्वालियर में 40.5 और जबलपुर में 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कई शहरों में पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# एनआईए व मप्र एटीएस की भोपाल व छिंदवाड़ा में छापेमारी, 3 आतंकी सहित 16 संदिग्ध पकड़ाए

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में एक बार फिर बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा हुआ है। राजधानी भोपाल और छिंदवाड़ा में आतंकी संगठन एचयूटी (हिज्ब उत तहरीर) के संदिग्धों के ठिकानों पर मंगलवार सुबह 6 बजे के करीब एनआईए और मप्र एटीएस ने संयुक्त रूप से छापा मारा है। भोपाल के ऐशगाब थाना क्षेत्र के सोनियां गांधी




कॉलोनी से एक और बाग फरहत अफजा कॉलोनी से एचयूटी के दो आतंकियों को एनआईए ने पकड़ा है। इसके अलावा भोपाल के भोपाल के बाग उमराव दूल्हा, जवाहर कॉलोनी में भी छापेमारी हुई है। एनआईए और एटीएम की टीम ने छिंदवाड़ा में भी छापा मारकर कई युवकों को उठाया है। मप्र एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार कुल 16 लोगों को एचयूटी के लिए काम करने या उसके आतंकियों से बंद्ध होने पर उठाया गया है। सभी से छिंदवाड़ा और भोपाल में पूछताछ हो रही है। 16 संदिग्धों में तीन एचयूटी के आतंकवादी हैं, उनकी गिरफ्तारी की जाएगी, बाकी से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि एनआईए तीन को गिरफ्तार करेगी, बाकी के खिलाफ मप्र एटीएस आगे की कार्रवाई कर सकती है।

# पतियों ने कहा-बिना सोचे समझे शापिंग में पैसा लुटाती हैं पत्नियां, मामला तलाक तक पहुंचा

■ भोपाल, यशभारत।



कुटुंब न्यायालय में करीब दो साल में ऐसे मामूली बातों में दंपती के बीच झगड़े के मामले आए हैं, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है।इसमें मामूली विवाद के कारण तलाक तक मामले पहुंच गए हैं।इसमें पतियों ने शिकायत की है कि उनकी पत्नियों को खरीदारी की बीमारी है। वे बिना सोचे-समझे आनलाइन शापिंग करती हैं। इतना ही नहीं वे कभी भी एक प्रोडक्ट से एक बार में खुश नहीं होती। प्रोडक्ट आने के बाद उसमें कोई ना कोई खामी निकालकर उसे एक्सचेंज के लिए भेज देती हैं। सारे काम छोड़कर दिन के कई-कई घंटे वह इसी में लगी रहती है। घर पर बार-बार कुरियर ब्वाय आने से परेशान हो जाते हैं, इसलिए अब पत्नी के साथ रहना मुश्किल है।दरअसल, दंपति के बीच पत्नी की बिना सोचे समझे शापिंग करने की आदत के कारण विवाद शुरू हुआ और अब पति तलाक का मन बना चुका है।हालांकि काउंसलिंग कर इन्हें सुलझा लिया गया है।अब ये दंपती साथ रहने के लिए तैयार हैं।सरकारी नौकरी में अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ पति ने बताया कि पत्नी को शापिंग की ऐसी बीमारी है कि अभी उनकी बेटी मात्र ढाई साल की है, लेकिन पत्नी ने ऐसा सामान भी खरीद लिया है जो पांच साल बाद काम आएगा।कपड़े व खिलौने आदि भी चार साल तक के बच्चों के हिसाब से खरीद कर रखे हुए हैं। पत्नी ने आदत बदलने की बात कही, लेकिन पति सुलह के लिए तैयार नहीं है।

### आधी सैलरी शापिंग में खर्च

एक कंपनी में एचआर के पद पर कार्यरत पति ने बताया कि उनका घर गैर जरूरी सामान से भर चुका है। इस सामान को रखने के लिए भी पत्नी अलग से शापिंग करती है। शादी को दो साल हो चुके हैं, लेकिन वह पत्नी की फिजूलखर्ची से वह तंग आ गया है।उसकी आधी सैलरी शापिंग में ही खर्च हो जाती है।

## मध्य प्रदेश में होगा अवैध परिवहन की रोकथाम में होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग

■ भोपाल, यशभारत।

जिला खनिज प्रतिष्ठान की राशि अब खेल और पर्यटन सुविधाएं विकसित करने में भी खर्च की जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित खनिज प्रतिष्ठान की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिष्ठान की राशि सामुदायिक महत्व और अन्य जनोपयोगी अधोसंरचना के निर्माण पर भी खर्च कर सकते हैं।जिला खनिज प्रतिष्ठान की राशि से कराए जाने वाले कार्यों की अनुमति और स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जनहित और विकास के कार्य शीघ्र पूर्ण हों। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित मानवरहित चेक गेट स्थापित किए जा रहे हैं। नेशनल ग्रीन टिब्यूनल (एनजीटी) ने इसकी स्वीकृति दे दी है।जिला खनिज प्रतिष्ठान में वर्ष 2015-16 से 2022-23 तक पांच हजार 657 करोड़ से अधिक की राशि संग्रहित हुई है। इससे विभिन्न जिलों में परियोजना संचालित की जा रही है। प्रतिष्ठान की राशि से जिलों में कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई।

## शिवराज कैबिनेट फैसले

# खंडवा जिले में खालवा, गौरीहार और टोंकखुर्द में एसडीएम कार्यालय को मंजूरी

■ भोपाल, यशभारत।

खंडवा जिले में खालवा, छतरपुर में गौरीहार और देवास में टोंकखुर्द में अनुविभागीय राजस्व (एसडीएम) कार्यालय खुलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके लिए 33 पद सृजित करने की स्वीकृति दी गई। साथ ही रीवा हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और राज्य शासन के बीच अनुबंध करने की स्वीकृति भी दी गई। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि काफी समय से खंडवा, छतरपुर और देवास में अनुविभागीय कार्यालय खोलने की मांग की जा रही थी, जिसे पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि रीवा हवाई पट्टी के लिए अतिरिक्त भूमि अधिगृहित कर आवंटित कराने के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं। आमजन को भू-अभिलेख से जुड़े दस्तावेज कम दरों पर प्रदाय करने के लिए लागू वेबजीआइएस आनलाइन व्यवस्था को पांच वर्ष के लिए लागू करने के लिए 129 करोड़ 32 लाख रुपये के व्यय की भी स्वीकृति दी गई।इसके साथ ही छतरपुर में जल संसाधन विभाग की लवकुश नगर स्थित 5670 वर्गमीटर परिसंपत्ति आठ करो? 15 लाख रुपये में सफल निविदाकार के पक्ष में विक्रय करने की कार्यवाही कलेक्टर द्वारा किए जाने का निर्णय भी लिया गया।

# विलीनीकरण नहीं, अब एक जून को मनाया जाएगा गौरव दिवस

■ भोपाल, यशभारत।

विलीनीकरण नहीं, अब एक जून को राजधानी में गौरव दिवस मनाया जाएगा। पहली बार यह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बैठक ली और कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। इस दिवस की शुरुआत बीते वर्ष से ही होनी थी, लेकिन स्थानीय निकाय के चुनाव के चलते कार्यक्रम भव्य नहीं हो पाया था। इस बार गौरव दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत 31 मई को हो जाएगी, एक जून को मुख्य कार्यक्रम होगा। इस दिन लाल परेड ग्राउंड पर स्टार नाइट कार्यक्रम होगा। बता दें कि एक जून 1949 को भोपाल रियासत का भारतीय संघ में विलय हुआ था।प्रभारी मंत्री सिंह ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान-2 की समीक्षा भी की। यह अभियान आज से शुरू हो रहा है। सिंह ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत जिले में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के लिए कार्रवाई की जाए। अभियान 10 मई से 31 मई तक चलाया जाएगा। इसमें 67 सेवाओं को लोगों तक पहुंचाया जाएगा और इन सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राही को अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए और प्रत्येक दिन का डाटा उनको भी उपलब्ध कराया जाए।गौरव दिवस के चलते दो दिन तक शोभायात्रा, दौ?, फूड फेस्टिवल, प्रदर्शनी, हेंडीक्राफ्ट मेला, वाटर एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स, नेचर फोटोग्राफी एवं नेचर वाक जैसी कई एक्टिविटी होगी। ये सभी एक्टिविटी 31 मई और एक जून को होंगी।एक जून को सुबह 7.30 बजे सफाई मित्रों के साथ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सफाई करेंगे।

# मुद्रा लोन के नाम पर ठगी करने वाला दिल्ली से गिरफ्तार




■ भोपाल, यशभारत।

प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना में सबसिडी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को रोहिणी दिल्ली से राज्य साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपित लोगों को मुद्रा लोन के विज्ञापन के नाम पर ठगी करता था, उसने भोपाल के एक व्यापारी को इस तरीके से अपने जाल में फंसाया और उससे पांच लाख की ठगी कर दी थी। बाद में इस मामले की शिकायत पर एफआइआर दर्ज की गई थी। राज्य साइबर सेल के मुताबिक शाहपुरा निवासी यशपाल दत्ता को एक अनजान नंबर से उनके मोबाइल पर संदेश आया जिसमें दो प्रतिशत ब्याज दर पर लोन और सबसिडी का लालच दिया था। उनसे लोन की प्रोसोसिंग शुल्क के नाम पर रुपये एक बार लेना शुरू किए तो वह देते ही चले गए। इस तरह उन्होंने पांच लाख रुपये गंवा दिए। बाद में जब यशपाल को एहसास हुआ कि वह ठगी के शिकार हो गए हैं तो पुलिस के पास पहुंचे। जहां उनकी शिकायत पर मामले की जांच की तो पुलिस ने बैंक संबंधित जानकारी और मोबाइल की काल डिटेल के आधार पर पाया कि दिल्ली रोहिणी का रहने वाला अनिल माहेश्वरी इस ठगी के पीछे है। सायबर क्राइम ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया।

### ऐसे करता था ठगी

उसने पूछताछ में बताया कि वह इस तरह से करीब सौ लोगों के साथ ठगी कर चुका है। वह फर्जी दस्तावेज बनाकर सिम चालू करवाता था और इंटरनेट मीडिया के माध्यम वाट्सएप और वल्क में सबसिडी देने का झांसा देकर लोगों को सस्ते दर पर शासकीय लोन योजना देने लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करता था। वह करीब एक साल से इस तरह से ठगी कर रहा था।

# मप्र ओलिंपिक संघ सभी खेल संघों को एक एक लाख रुपये का अनुदान देगा

■ भोपाल, यशभारत।

मप्र में खेल संस्कृति के विकास के लिए मप्र ओलिंपिक संघ (एमपीओए) प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त खेल संघो को एक एक लाख रुपये का अनुदान देगा। यह निर्णय एमपीओए की वार्षिक साधारण सभा की बैठक राजधानी में आयोजित बैठक में लिया गया। अध्यक्ष इंदौर रमेश मेंदोला की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश भर से मान्यता प्राप्त राज्य खेल संघों एवं जिला ओलंपिक संघो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष व सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा, एमपीओए सचिव दिग्विजय सिंह, विधायक कटनी संदीप जायसवाल, विधायक सोहागपुर विजय पाल सिंह, ओम सोनी जी, अनिल धूपर मौजूद थे। बैठक में पूर्व कार्यवाही विवरण, ऑडिट रिपोर्ट, सचिव रिपोर्ट आदि का अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने खेल संस्कृति के विकास के लिए अहम निर्णय लेते हुए सभी खेल संघों को एक एक लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा की।

गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश के प्रदर्शन की चीफ डी मिशन जय आचार्य व सब चीफ डी मिशन ओपी अवस्थी ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। मप्र ने 395 खिलाड़ियों ने 26 खेलों में भाग लिया और 20 स्वर्ण 25 रजत 21 कांस्य सहित 66 पदक जीतकर सातवां स्थान अर्जित किया। भोपाल में आयोजित 5वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 570 खिलाड़ियों ने भाग लिया और36 स्वर्ण, 30 रजत व 27 कांस्य सहित कुल 96 पदक जीते। ब्रांज सहित कुल 96 मैडल प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।



### खेलों को लिए केंद्र और राज्य सरकार पूरा सहयोग कर रही है

एमपीओए के उपाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार खेलों के समग्र विकास के कृतसंकल्पित है जहां एक और केंद्र सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं वहीं पर राज्य सरकार द्वारा विधायक कप जैसे आयोजन किए जा रहे हैं। खेलों के लिए संसाधनों का निरंतर विकास के लिये अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रो की खेल प्रतिभाओ को आगे लाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है। मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ इस दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### गोवा राष्ट्रीय खेलों की तैयारी अभी से शुरू होगी

सचिव दिग्विजयसिंह ने कहा ओलंपिक संघ प्रदेश में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रयासरत हैं। हम सभी को गोवा में आयोजित होने वाले 37वे राष्ट्रीय खेलों की तैयारिया अभी से प्रारंभ करना है। पदक तालिका में भी मप्र को टाप थ्री में लाने का प्रयास किया जा रहा है।एमपीओए का प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिला।

# पुल निर्माण की धीमी गति पर भड़कीं सिहोरा विधायक

ठेकेदार को लगाई फटकार कार्य तेज करने कहा

## वरने नदी पर एक शाल बाद भी नहीं बन सका पुल





**सिहोरा, यशभारत।** -सिहोरा विधानसभा की जनपद पंचायत की ग्रांम पंचायत रमखिरिया में दर्जनों ग्रामों के लोगों की सुविधा के लिए करीब 1 करोड 33 लाख की लागत से बन रहे पुलिस निर्माण के कार्य का निरिक्षण करने पहुची विधायक नंदनी मरावी ने कार्य की धीमी गति पर मौके पर उपस्थित ठेकेदार को जमकर फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के साथ 15 जून मानसून के पहले काम पूरा करने के निर्देश दिए।साथ में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल,सरपंच के के दुबे,अनंत नौगरहिया सहित अनेक ग्रामवासी,विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### एक शाल बाद भी नही बना पुल

आम लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक ने अथक प्रयास कर माइनिंग मद से पुल निर्माण हेतु राशी स्वीकृत कराई थी और 15 अप्रैल 2022 को पुल निर्माण का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को एक बडी सौगात दी थी और इस कार्य को आठ माह में पूरा हो जाना था जो शाल गुजर जाने के बाद भी पूरा नही हो सका।

### आधा दर्जन ज्यादा ग्रामों के लोग परेशान

करीब पांच शाल पहले आधा दर्जन से अधिक लोगों के आवागमन के लिए बरने नदी पर बने छोटे पुल रपटे के बह जाने के बाद से ही लोगो को आने जाने में भारी परेशानी होती थी बारिस के समय तो अगरिया, रमखिरिया, कटरा, टंगवा, घुटना सहित अनेक गांव का दुसरे शहरो से सम्पर्क ही कट जाता था और लोगों को करीब ग्यारह किलोमीटर का लम्हा चक्कर लगाकर गोसलपुर जाना पडता था। लेकिन सब ठीक ठाक होने के बाद भी उन्हें इस मानसून में आवागमन का लाभ होते नही दिख रहा है

### मानसून आने के अब लगभग एक माह शेष

मानसून आगमन के अब लगभग एक माह ही अब शेष रहे है और पुल का अभी बेस बस बना दिख रहा है एक माह में आखिर कैसे पुल तैयार हो जायेगा यह समझ से परे है फिर भी ठेकेदार का कहना है की 15 जून तक आम लोगों के निकलने लायक हम पुल तैयार कर देगें।

### विधायक की मंशा पर पानी न फिर जाये

सैकड़ों ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक मरावी ने मेहनत कर यह सोचकर पुल निर्माण प्रारम्भ कराया था की लोगो को इसका लाभ वर्षा चालू होने के पहले मिल जायेगा लेकिन पुल निर्माण की कछुआ चाल से लगता नही की बारिस के पहले पुल पूरी तरह से बनकर तैयार हो जायेगा। कही ऐसा न हो की ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा इस बरसात में भी ग्रामीणों को भुगतना पडे और विधायक की इसी बरसात के पहले आवागमन चालू करवाने की मंशा पर पानी फिर जाये।

## तृप्ति मिलती है भगवान की भक्ति से - मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज

**शहपुरा भिटौनी,यशभारत।** वर्धमान स्त्रोत में भगवान के 34 अतिशयों का वर्णन मिलता है। भगवान के बिहार के समय कोई भी ऋतु हो कोई भी मौसम हो उस समय सबकुछ अनुकूल होता है और योजनों की दूरी तक सम्पूर्ण भूमि हरि भरी और धन धन्य से परिपूर्ण होती है और समस्त ऋतुआ एक साथ दिखाई देते हैं। उनके साथ बिहार करने वाले प्राणियों को भी अधिक गर्मी और सर्दी आदि का प्रभाव देखने नहीं मिलता अपितु वातानुकूलित मौसम और आनंद देखने को मिलता है सर्वत्र आनंद और उल्लास का वातावरण रहता है। सभी जीव बैर भाव को भुलाकर मित्रता के साथ रहने लगते हैं कोई किसी को कष्ट नहीं देता-प्रानियों के मान खंडित हो जाते हैं और सभी जीव- अत्यंत भक्ति भाव से प्रभु के चरणों में प्रणिपात हो जाते हैं। भगवान की भक्ति से तृप्ति मिलती है और ऐसी तृप्ति तब मिलती है। अब हमारा चित में लीन हो जाता है। और वह लीनता ऐसी होती है कि भक्त भक्ति भूल जाते है कि वह भगवान में समाहित है यह भगवान उनके हृदय में समाए हुए है। और ऐसी भक्ति की शक्ति अदभुत है। उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए । प्रतिदिन प्रातः 8-30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है ।



## बड़े सुनियोजित षड्यंत्र को बेनकाब करने की पहल यह फिल्म: राजमणि बघेल

**पाटन, यशभारत।** जबलपुर भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में बहन बेटियों के साथ युवा मोर्चा कार्यकर्ता समदड़िया मॉल मैं द केरला स्टोरी देखने पहुंचे !! युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने बताया कि हिंदू बहनों और बेटियों पर हुए अत्याचारों पर निर्मित हिंदी चलचित्र फिल्म ÷द केरला स्टोरी÷ की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन भाजपा और भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मोर्चा के द्वारा छात्राओं के महिलाओं के लिए निशुल्क वाहन एवं प्रसारण की व्यवस्था कराई गई है आतंकवाद किस प्रकार देश की बहनों-बेटियों का ब्रेनवॉश कर अपने गलत मंसूबों में उनका दुरूपयोग करता है, इसके लिए ÷द केरला स्टोरी÷ आपको और हम सभी को देखना जरूरी है। ये सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक बहुत बड़े सुनियोजित षड्यंत्र को बेनकाब करने की दिशा में सार्थक पहल है। प्रमुख रूप से लेखराज सिंह, नीरज सिंह, राजशेखर त्रिपाठी, श्रीकांत सिंह, परिहार हर्ष इंदु तिवारी, प्रिंस पटेल, पुष्पराज सिंह शेखर, हरीश ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, श्वेता सिंह, सीमा सिंह, अभिषेक दहिया, मोनू सिंह, आशु जयसवाल, पवन दुबे, आयुष सेठी, राज राय, सैकड़ों की तादाद में युवा मोर्चा नेता उपस्थित रहे !!

## नारी सम्मान योजना का शुभारंभ



**कुंडम, यशभारत।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश अनुसार खिलाड़ी सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी कुंडम के गौरी, कुभरहट ग्राम में माताओं-बहनों के सम्मान में नारी सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं के फार्म भरे गए जिसमे खिलाड़ी सिंह पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुन्ना मराबी सुशील राय, गोलू पांडे जिला पंचायत सदस्य, धरम सिंह मारबी, आशीष मिश्रा कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार साहू मनोहर काकोटिया लोटन आर्मो ज्ञानी सिंह पटेल और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सहित महिलाओं की उपस्थिती थी।




## मिशन लाइफ का जागरूकता अभियान चलाया गया

**गोटेगांव, यशभारत।** वन मंडल नरसिंहपुर के वन परिक्षेत्र गोटेगांव कैंपस में मिशन लाइफ (Lifestyle For Environment) का जागरूकता एवं सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में गोटेगांव परिक्षेत्र के समस्त वनरक्षक, परिक्षेत्र सहायक, मानेगांव समिति प्रबंधक, वन समिति सदस्य, सुरक्षा श्रमिक आदि शामिल रहे। -सभी उपस्थित द्वारा मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण के संरक्षण एवं जागरूकता फैलाने हेतु शपथ ग्रहण की गई।-जागरुकता अभियान में जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए मिशन ख्ब्स्न्श्च की उपयोगिता , xR- reduce, reuse , recycle ?? , waste segregation आदि विषयों पर चर्चा की गई। -सफाई अभियान के अंतर्गत वन परिक्षेत्र केंपस में अलग-अलग ग्रुप बनाकर अलग-अलग जगह पर पॉलिथीन, पेपर, ग्लास आदि वेस्ट कलेक्शन का काम किया गया।- पक्षियों के लिए जल रखने हेतु सकोरा भी लगाया गया।यह वन विभाग का सराहनीय प्रयास है जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## आखिर क्यों नहीं खुल पा रही मंडी परिसर की शेड दुकानें

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विसंगतिपूर्ण व्यवस्थाओं के लिये हमेशा सुर्खियों मे रहने वाली कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा को सीजन मे प्रारंभ कराये जाने के लिये बीते पखवाड़े चले अभियान के उपरांत जैसे तैसे मंडी मे घोष विक्रय तो प्रारंभ हो गया है। लेकिन कुछ विसंगतियां अभी भी विद्यमान बनी हुई है। मंडी प्रवंधन को इन विसंगतियों को दूर किये जाने की दिशा मे समय समय पर जानकारियों से अवगत कराया जाता है। फिर भी सुधार ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है। मंडी परिसर मे व्यपारियों के लिये पूर्व से ही दुकाने शैड बनाकर रखे गये है। लेकिन उक्त दुकानें व्यापारियों के लिये आबंटित नहीं की गई है। इसके आदेश से इन दुकानों पर किन का कब्जा है आखिरकार दुकाने लाइसेंसधारी व्यापारियों को क्यों उपलव्ध नहीं कराई जा रही है। यह विषय अबूझ पहेली बना हुआ है। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी दुकानों का अभी तक आबंटन नहीं हो सका है। मंडी परिसर मे उपज खरीदने वाले व्यापारियों को प्रतिदिन जहां भाड़ा शुल्क देना पड़ता है वहीं उठा धरी की समस्या के चलते व्यापारी परेशान देखे सुने जाते है। व्यवस्थाओं के नाम पर लाखों रूपये खर्च होने के बाबजूद भी ना तो मंडी परिसर मे प्रकाश की उचित व्यवस्था है और ना ही पीने योग्य पानी की। इन व्यवस्थाओं के लिये लाखों रूपये बर्बाद तो किये गये लेकिन किसानों को जहां इसका लाभ नहीं मिल पा रहा वहीं सामग्री भी नहीं दिख रही है। व्याप्त विसंगतियों को तत्काल प्रभाव से दूर करने की मांग कृषकों एवं व्यापारियों द्वारा की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वयं के तोल कांटे और वाहन लेजाकर अनाज खरीदने वाले बगैर लाइसेंसधारियों पर अभी भी लगाम नहीं लग पा रही है।

### पुरुषों के साथ ग्रामीण कॉलेज छात्राएं और महिलाओं ने भी देखी फिल्म

## बड़े सुनियोजित षड्यंत्र को बेनकाब करने की पहल द केरला स्टोरी: राजमणि बघेल



**सिहोरा, यशभारत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में बहन बेटियों के साथ युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने द केरला स्टोरी देखी। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बघेल ने बताया कि हिंदू बहनों और बेटियों पर हुए अत्याचारों पर निर्मित हिंदी चलचित्र फिल्म ÷द केरला स्टोरी÷ की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन भाजपा और भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मोर्चा के द्वारा छात्राओं के महिलाओं के लिए निशुल्क वाहन एवं प्रसारण की व्यवस्था कराई गई है। आतंकवाद किस प्रकार देश की बहनों-बेटियों का ब्रेनवॉश कर अपने गलत मंसूबों में उनका दुरूपयोग करता है, इसके लिए द केरला स्टोरी आपको और हम सभी को देखना जरूरी है। ये सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक बहुत बड़े सुनियोजित षड्यंत्र को बेनकाब करने की दिशा में सार्थक पहल है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लेखराज सिंह, नीरज सिंह, राजशेखर त्रिपाठी, श्रीकांत सिंह, परिहार हर्ष इंदु तिवारी, प्रिंस पटेल, पुष्पराज सिंह शेखर, हरीश ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, श्वेता सिंह, सीमा सिंह, अभिषेक दहिया, मोनू सिंह, आशु जयसवाल, पवन दुबे, आयुष सेठी, राज राय, सैकड़ों की तादाद में युवा मोर्चा नेता उपस्थित रहे ।



वर्षो पुराना है मामला

## अतिक्रमण अलग करने जा रहे संसाधन अचानक रुके

### अधिकारी आदेश के बाद भी नही दे पा रहे जबाब

**पनागर , यशभारत।** बालाजी सिटी के नाम से पनागर में चर्चित कालोनी का मामला सामने आया है जिसमे आवेदिका मुन्नी बाई पिता महेश कुमार निवासी जगमोहन वार्ड पनागर निवासी लमती खसरा नंबर 172/2 रकवा 0.278 जो कि मुन्नी बाई के नाम पर है उक्त भूमि पर अक्षय वैश्य राकेश वैश्य द्वारा कालोनी का विस्तार किया है जिसमे अनुविभागीय कोर्ट एवम तहसीलदार पनागर द्वारा मुन्नी बाई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश 1 साल पहले दिए लेकिन नेता गिरी के दवाव में कुछ नही हुआ जगमोहन वार्ड निवासी मुन्नी बाई ने बताया कि मेरी भूमि पर कई वर्षों से अवैध कब्जा किया गया अधिकारियों के आदेश के बाद भी जब दिनांक 10 मई को प्रशासन द्वारा कब्जा हटाया जाना था सभी तैयारिया भी थी उसके बाद भी संसाधन बापिस लौट गए जे कहा का न्याय है

### सारे मामले की है नगर में चर्चा

मामला हाई प्रोफाइल लोगो का होने के कारण इसमें राजनैतिक मोड़ आ गया है और बालाजी सिटी के लोकल प्रचार के कारण ये विषय समस्त प्रशासनिक अधिकारियों एवम लोगो मे है किसान नेता सम्मति सैनी ने भी इस विषय को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सोपा था जिसमे दूसरे भू स्वामी की जमीन पर विकशित कॉलोनी का विरोध जताया था ओर बताया गया था कि नगर की जनता को भृमित कर प्लाट की विक्री पर रोक लगाने हेतु ज्ञापन सोपा गया था अनुभिभागीय अधिकारी पी के सेन गुप्ता से जब इस विषय की जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उक्त भूमि पर जो अतिक्रमण है उसे शीघ्र ही पुलिस मुक्त करा दिया जावेगा।

## बूथ विजय संकल्प अभियान की बैठक सम्पन्न

**बरेला, यशभारत । नगर में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन की आवाहन पर बूथ विजय संकल्प अभियान की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया।**



पनागर विधायक सुशील तिवारी के द्वारा संगठन,द्वारा प्राप्त विभिन्न करणी कार्य का विस्तृत रूप से मार्गदर्शन,बूथ अध्यक्ष,बूथ समिति,पन्ना समिति समिति सदस्यों को प्रदान । नगर परिषद बरेला एवं बरेला मंडल प्रतीक दुबे,श्रीकांत उपाध्याय, खुशीलाल साहू,ताराचंद्र पटेल,प्रशांत सोनी, गोविंद द्विवेदी,केके त्रिपाठी, डॉ विवेक जैन,नोने लाल मनिहार,पार्षद प्रकाश चक्रवर्ती, राजकुमार गोटिया,दीपेश पटेल, पूर्व पार्षद चंदन सह पटेल,महेश चक्रवर्ती, मुकेश साहू,मुनि विश्वकर्मा,गंगाराम पटेल, कुंवर लाल पटेल ओमकार सोनी,उदय राम साहू,चंदू सोनी,अर्पित जैन गोलू,बूथ अध्यक्ष राजू रजक,अतीक बर्मन, मयंक साहू, अजय सोनी,दिनेश साहू,प्रवेश पटेल,प्रदीप झारिया,अजय यादव,ईश्वरी पटेल,कृष्ण कुमार कुशवाहा, खूबचंद गोटिया,सौरभ पटेल,आनंद सोनी,ओम प्रकाश पटेल, जय रत्न उपाध्याय, नंदू उपाध्याय, वेद प्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में बरेला मंडल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियो ने सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा (यशभारत)।** तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा द्य जिसमें उल्लेख किया गया है कि करीब 45-50 परिवार अपना कच्चा मकान बना कर राजीव वार्ड गाडरवारा में रह रहे है। तथा हम सभी हरिजन जाति के हैं तथा दैनिक मजदूरी कर अपना एवं अपने परिवार जनो का भरण पोषण करते है। तथा सोयाबीन प्लाट में मजदूरी करते वक्त हम सभी प्रार्थीगण को प्लाट द्वारा मकान निर्माण करने के लिये जगह दी गई थी। जिस पर हमारे द्वारा अपना कच्चा मकान टपरिया बना कर निवास कर रहे है। तथा प्रधानमंत्री द्वारा प्राप्त होने वाली आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता राशि प्राप्त करने के हम सभी प्रार्थीगण पात्र है। तथा हम प्रार्थीगण को उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित किया जा रहा हैं। तथा हमारे हितो का हनन किया जा रहा हैं। हम सभी दैनिक मजदूरी कर अपना एवं परिवारजनो का भरण पोषण करते हैं। तथा गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवनयापन करते हैं। तथा मकान कच्चा होने के कारण पानी, आधी, तूफान से जन एंव धन की हानि होने का खतरा बना रहता हैं। मकानो के कच्चे होने से बरसात का पानी अंदर जा जाता हैं जिससे हम लोगो को अत्याधिक परेशानियों का सामना करना पडता हैं। हम गरीबों के हितो की रक्षा कर हम सभी 40-45 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना से प्राप्त होने वाली आर्थिक राशि दिलवाये जाने की कृपा की जावे। ताकि हम सभी गरीब मजदूर अपने अपने कच्चे मकान का प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के मकान का निर्माण कर सके। राजीव वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि सौरभ पटेल ने सोयाबीन प्लांट के पास निवासरत हरिजन टोला के लोगों का पक्ष रखते हुए तहसीलदार से कहा की इन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जल्द मिलना चाहिए ताकि गरीब वर्ग अपने पक्के मकान का सपना साकार कर सकें ।

## शिविरों में मौके पर ही किया जा रहा है जन समस्याओं का निराकरण

**नरसिंहपुर यभाप्र।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत बुधवार 10 मई को की गई। वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने जिले में जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत देवरीकलां से अभियान की शुरूआत की। यह अभियान जिले में 31 मई तक चलाया जायेगा। अभियान के दौरान जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में मौके पर ही लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये विभागीय जिला अधिकारियों को सेक्टरवार जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की 67 प्रमुख नागरिक सेवा प्रदाता योजनाओं के आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण यथासंभव तत्काल हितग्राही के समक्ष ही किया जा रहा है।

## शिव महापुराण शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



**कजरवारा, यशभारत।** कजरवारा राम मंदिर में 10 माई से 20 माई तक होने वाले महाशिव पुराण कथा के पहले आज कलश यात्रा, साज बाज के साथ क्षेत्र में निकाली गई, शोभा यात्रा में 101 कन्याएं, महिलाएं कलश लेकर चल रही थी, यात्रा में ध्वज ,बैंड, ढोल के साथ कीर्तन करते हुए शामिल थे। बनारस से कथा के लिए पधारे गुरु महराज श्री प्रमेश जी मिश्र शोभा यात्रा में शामिल थे। सोभा यात्रा में राकेश उपाध्याय, अटल उपाध्याय, मुकेश उपाध्याय, सतीश, बिनित, सुनील, सोनू, सचिन, परशोत्तम उपाध्याय, मृदुल उपाध्याय, नरेंद्र , ज्योति उपाध्याय, सुमन उपाध्याय, मीना शुक्ला,राशि, प्रियंका, खुशबू,आस्था, संचिता शामिल थी।

## नगर परिषद चीचली में 295 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**गाडरवारा(यशभारत)। चीचली नगर परिषद द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान निकाह योजना के अंतर्गत सर्वजातीय विशाल सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 295 वर वधु के विवाह हुए। जिसमें 35 निकाह एवं 260 विवाह किए गए , हजारों की संख्या में वर वधु पक्ष के लोग एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे। जनपद परिसर में एक ही पंडाल के नीचे हिंदू रीति रिवाज से सात फेरों के साथ विवाह हुए वही मुस्लिम रीति रिवाज के साथ मौलाना ने निकाह पढ़ाकर शादी कराई। शहीद नगरी चीचली में सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान गंगा जमुना तहजीब नजारा देखने को मिला ।**



### एक ही पंडाल के नीचे सात फेरे एवं निकाह हुए

इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान निकाह योजना के अंतर्गत 49 हजार रुपया की राशि वधु के खाते में पहुंचेगी । 6 हजार की राशि सम्मेलन करने वाली कमेटी को प्राप्त होगी । चीचली नगर परिषद द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा, क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सुनीता पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल, श्रीमती साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, चीचली नगर परिषद अध्यक्ष बबलू सिंघानिया, जनपद अध्यक्ष राधाबाई अहिरवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य रिचा डब्बू स्थापक, चावरपाठा जनपद अध्यक्ष शोभाराम ठाकुर, नगर परिषद उपाध्यक्ष नंदू ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छोटे राजा कौरव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदास कौरव, पंडित अशोक भार्गव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरुण श्रीवास्तव, कंछेदी लाल साहू, संतोष चौरसिया नीरज रैकवार, नीरज सहपुरिया, जगदीश कौरव ने वर वधु को आशीर्वाद दिया । जनप्रतिनिधियों ने चीचली में आयोजित सफल सम्मेलन की प्रशंसा की । कार्यक्रम का संचालन सुनील सोनी एवं अबरार खान ने संयुक्त रूप से किया ।नगर परिषदअध्यक्ष बबलू सिंघानिया ने आभार व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में सहयोग नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए और कहा की 6 जोड़ें मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से वंचित रहे । उन्होंने आगे कहा कि जिस पिता की बेटी के पीले हाथ हो गए थे उसको योजना का लाभ नहीं मिलना बहुत ही दुख की बात है अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिल पाया । इस प्रकार से भेदभाव अधिकारियों द्वारा किया जाना गलत है । सम्मेलन स्थल वाले मार्ग पर अधिक तादाद में वाहन खड़े हुए थे एवं भारी भीड़ होने के कारण कई बार यातायात बाधित रहा । जगह-जगह पुलिस बल सहयोग करते हुए देखा गया । कार्यक्रम में सभी पार्षदों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# पाकिस्तान ने हथियार डाल किया सरेंडर !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2023 को लेकर अब धीरे धीरे तस्वीर साफ होती जा रही है। इस बीच पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है, अब करीब करीब ये तय हो गया है कि एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में नहीं होगा। सीधे तौर पर तो नहीं, लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर पीसीबी ने भी ये मान सा लिया है, लेकिन अब पाकिस्तान एक नई जिद पर अड़ गया है। इस बीच माना जा रहा है कि जल्द ही इस पर अधिकारिक फैसला लेकर ऐलान कर दिया जाएगा। साथ ही इसके शेड्यूल का भी फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि सभी ये भी जानना चाहते हैं कि इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच महा मुकाबला कब और कहां खेला जाएगा। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार कर लिया गया है, इससे पाकिस्तान में हालात भी बहुत खराब हैं, ऐसे में पाकिस्तान में एशिया कप होने की जो रही सही उम्मीद थी, वो भी खत्म हो गई है।



## एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान के पास, लेकिन अब बदला जाएगा वेन्यू

एशिया कप का आयोजन इस साल वनडे फॉर्मेट पर कराया जाएगा। इसी साल भारत में वनडे विश्व कप होना है, इसलिए ऐसा किया जा रहा है। इससे पहले एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी, लेकिन बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ये कहकर हंगामा सा मचा दिया कि एशिया कप के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी, इसके पीछे सुरक्षा का हवाला दिया गया। हालांकि पहले पाकिस्तान इस बात के लिए राजी होता हुआ नजर नहीं आ रहा था, लेकिन बीसीसीआई का सख्त रुख देखते हुए पीसीबी की ओर से नया पैंतरा चला गया। कहा गया कि एशिया कप को होस्ट पाकिस्तान ही करेगा, लेकिन अगर टीम इंडिया पाकिस्तान आकर नहीं खेलना चाहती तो भारतीय टीम के मैच किसी ऐसी जगह पर करा दिए जाएंगे, जहां वे जा सकें। न्यूट्रल वेन्यू के नाम भी सामने आए थे, लेकिन बाद में पता चला कि बीसीसीआई इसके लिए भी तैयार नहीं हुआ और पाकिस्तान फंस गया। इस बीच पाकिस्तान में ऐसा कुछ हुआ, जिससे रमीज राजा को पीसीबी चीफ की कुर्सी छोड़नी पड़ी और नजम सेठी नए अध्यक्ष बन गए।

## पाकिस्तान एशिया कप यूएई में कराने के पक्ष में

इसी बीच पाकिस्तान को उस वक्त और भी करारा झटका लगा कि केवल बीसीसीआई ही नहीं, बल्कि श्रीलंका और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड इस पक्ष में हैं कि एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान से बाहर किसी दूसरे देश में होना चाहिए। इसकी खबर आम होते ही पाकिस्तान माने जैसे बिलबिला उठा हो। अब इस पूरे प्रकरण को लेकर ताजा अपडेट ये है कि पाकिस्तान चाहता है कि भले एशिया कप का आयोजन उनके यहां न हो, लेकिन उसका कहना है कि पाकिस्तान की ओर से जो हाईब्रिड मॉडल पेश किया गया था, उसे बीसीसीआई मान ले और अगर ऐसा भी न हो तो एशिया कप का आयोजन श्रीलंका नहीं बल्कि यूएई में होना चाहिए। हालांकि ये सारी बातें अभी केवल सूत्रों के हवाले से ही कही जा रही हैं, इस पर अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यानी पाकिस्तान ने अब मान लिया है कि एशिया कप पाकिस्तान में नहीं होगा, लेकिन अब उसकी कोशिश है कि किसी तरह इसे यूएई में कराया जा सके। पाकिस्तान के लिए यूएई के करीब करीब सारे मैदान उनके लिए घर जैसे हैं, क्योंकि पाकिस्तानी प्लेयर्स ने वहां खूब खेला है। पाकिस्तान को वहां खेलने से फायदा मिलेगा। लेकिन अभी इंतजार किया जाना चाहिए कि पीसीबी की ओर से इस पूरे मामले को लेकर आधिकारिक बयान जारी किया जा सके।

## एशिया कप सितंबर में होना है वेन्यू तय होते ही सामने आएगा पूरा शेड्यूल

एशिया कप 2023 का आयोजन इस साल सितंबर में आयोजन किया जा सकता है। हालांकि जब वेन्यू ही अभी तक तय नहीं है तो फिर शेड्यूल की बात तो दूर की है, लेकिन सितंबर में एशिया कप होगा, ये करीब करीब तय नजर आ रहा है। उस वक्त यूएई में जमकर खूब गर्मी होती है। टी20 और आईपीएल की बात दूसरी है, क्योंकि उसमें खिलाड़ी 20 ओवर तक ही फील्डिंग करते हैं, लेकिन वन डे में 50 ओवर यानी करीब आठ घंटे मैदान पर रहना होता है, इसलिए दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन सवाल ये भी है कि उस दौरान श्रीलंका में भी बारिश होती है और अगर बारिश के कारण मैच रद हुए या फिर कम ओवर के हुए तो फैंस का मजा किरकिरा हो सकता है।

# मार्शल आर्ट में भी जुकरबर्ग का दबदबा, पहले ही टूर्नामेंट में जीते 2 मेडल

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बिजनेस जगत के माहिर खिलाड़ी मार्क जुकरबर्ग एथलीट भी बेहतर हैं। उन्होंने हाल में ही मार्शल आर्ट खेल में हिस्सा भी लिया था और इसमें जीत भी हासिल की। उन्होंने 6 मई को सिलिकन वैली में हुए ब्राजीलियन जिजित्सु प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 2 मेडल भी जीते। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान ब्राजिलियन मार्शल आर्ट्स को सीखने की ललक जताई थी। बीते साल अगस्त में जो रोगन के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मार्शल आर्ट्स के जरिये उन्हें अपनी एनर्जी बूस्ट करने में काफी मदद मिलती है। जुकरबर्ग ने भले ही अभी जुजुत्सू के खेल में कदम रखा हो, लेकिन बहुत कम समय में ही वह इसके माहिर खिलाड़ी बन चुके हैं। 14 मई को जुकरबर्ग 39 साल के पूरे हो जाएंगे, लेकिन युवाओं के इस खेल में भी उनकी चपलता अभी देखते बनती है। कैलिफोर्निया के रेडवुड सिटी में 6 मई को आयोजित प्रतियोगिता में मार्क ने एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल भी जीता। उन्होंने एक प्रतियोगिता तो जीआई (यूनिफॉर्म के साथ) में हिस्सा लिया और दूसरा नो-जीआई (बिना यूनिफॉर्म) में हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया पर भी धन्यवाद दिया है। उन्होंने फेसबुक पेज पर लिखा- मेरे पहले जियु जिजित्सु टूर्नामेंट में गुरिल्ला जियु जिजित्सु टीम के लिए कुछ मेडल जीता। इसके लिए डेव कैमरिलो, खाई वू और जेम्स टेरी का बहुत-बहुत धन्यवाद कि उन्होंने मुझे ट्रेनिंग दी।गौरतलब है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सऐप जैसी कंपनियों के



मालिक माक जकरबर्ग के लिए बीता साल जितना चुनौती भरा रहा था, 2023 उतना ही बुलंद दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे ग्रीक पौराणिक कथाओं में फीनिक्स पक्षी राख में मिलकर फिर ऊंची उड़ान भरता है, उसी तरह जकरबर्ग भी जहां पंजा रखते हैं, कामयाबी हाथ चूमने आ जाती है। इस साल उनके मेटा ग्रुप ने इस साल 39 अरब डॉलर का ग्रोथ हासिल किया है। बिजनेस की दुनिया के माहिर खिलाड़ी बन चुके मार्क ने इस बीच खेल में भी हाथ आजमाया और यहां भी उनके हाथ 'सोना' लगा। दरअसल, बीते साल उनकी चुनौतियों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मार्क के समूह को 71 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। इस नुकसान की वजह से उनका नाम भी दुनिया के टॉप 10 अरबपतियों की लिस्ट से बाहर हो गया था। लेकिन, समय लौटा और एक बार फिर अमीरों की मार्क टॉप 10 सूची के मुहाने पर आ खड़े हुए हैं। 8 मई को उनकी कुल संपत्ति बढ़कर 89.5 अरब डॉलर (7.24 लाख करोड़ रुपये) पहुंच चुकी है।

# सुदीरमन कप 14 से 21 मई तक खेला जाएगा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** चीन के सुजोऊ में 14 से 21 मई के बीच होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय बैडमिंटन टीम का लक्ष्य इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप में पदक जीतना रहेगा। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले साल थॉमस कप में जीत दर्ज की थी। ऐसे में अब सभी को टीम से सुदीरमन कप में भी पदक की उम्मीदे हैं। भारतीय टीम ने इस साल के शुरूआत में एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक हासिल किया था। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा,'' सुदीरमन कप एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और इसी को देखते हुए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ही इसमें जगह मिली है। हमें इस टीम से पदक की उम्मीदें हैं।'' पुरुष वर्ग में प्रणय के अलावा किदांबी श्रीकांत भी शामिल हैं जबकि लक्ष्य सेन रिजर्व खिलाड़ी हैं। वहीं महिला वर्ग में पीवी सिंधु के अलावा अनुपमा उपाध्याय को रखा गया है। रिजर्व खिलाड़ी के रुप में आकर्षी कश्यप रहेंगी। इस टूर्नामेंट में भारत ग्रुप सी में मलेशिया, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल है। ऐसे में उसका पहला लक्ष्य नॉकआउट चरण में जगह हासिल करना है। इस टीम में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की वापसी से पुरुष युगल टीम बेहतर हुई है जबकि महिला युगल में ऑल इंग्लैंड की सेमीफाइनलिस्ट गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली के अलावा अश्विनी पोनप्पा और उनकी नई जोड़ीदार तनीषा क्रैस्टो को भी शामिल किया गया है। वहीं इसके अलावा किदांबी श्रीकांत और मौजूदा सीनियर राष्ट्रीय महिला एकल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय एकल में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं।

# भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना चाहते हैं बोल्ट

जयपुर (ईएमएस)।आजकल आईपीएल के 16 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि वह इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना चाहते हैं।बोल्ट ने टी20 लीग खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ सालाना अनुबंध नहीं किया है पर वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलना चाहते हैं।इससे पहले बोल्ट ने कहा था कि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर में फेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट का अनुबंध नहीं चाहते हैं।




बोल्ट गत वर्ष हुए टी20 विश्व कप के बाद से ही टीम से बाहर हैं क्योंकि चयनकर्ताओं ने अनुबंधित खिलाड़ियों को ही टीम में जगह दी है। वहीं अब बोल्ट ने कहा,'' मेरी अब भी पूरी इच्छा है कि मैं न्यूजीलैंड की तरफ से इस आईसीसी टूर्नामेंट में खेलूं। मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे न्यूजीलैंड की तरफ से 13 साल तक खेलने का मौका मिला। न्यूजीलैंड की टीम साल 2019 में विश्व कप फाइनल में पहुंचकर हार गयी थी पर इस तेज गेंदबाज के अनुसार उनकी टीम भारत में अक्टूबर-नवंबर में विजेता बन सकती है उन्होंने कहा,'' मुझे याद है कि 2019 के फाइनल के बाद मैंने कप्तान केन विलियमसन से कहा था कि हमें भारत में 2023 में फिर से यहां पर पहुंचना है। यह दुखद है कि उसका घुटना चोटिल हो गया है पर वह विश्वकप तक फिट होने के लिए अपनी तरफ से पूरे प्रयास करेगा। विश्वकप इतना शानदार टूर्नामेंट है और मैं इसमें निश्चित तौर पर भाग लेना चाहता हूं। गौरतलब है कि विलियमसन आईपीएल के शुरू में चोटिल हो गए थे और उनका विश्वकप में खेलना संदिग्ध है।

## रंग संसार



# 7 सितंबर को प्रदर्शित होगी शाहरुख मूवी जवान

**मुंबई, ईएमएस।** बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान आखिरकार तमाम अफवाहों और दावों के बावजूद 2 जून 2023 को प्रदर्शित हो रही है। अब यह फिल्म आगामी सितम्बर माह में 7 तारीख को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। जवान की प्रदर्शन तिथि में बदलाव से फिल्म उद्योग में उथल-पुथल मच गई है। इसके चलते कई फिल्मों के प्रदर्शन तिथि में बदलाव होगा। शाहरुख खान और फिल्म की प्रोड्यूसर गौरी खान ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर ये जानकारी दी। एटली इस फिल्म के निर्देशक हैं। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू में प्रदर्शित होगी। जवान में शाहरुख खान के साथ विजय सेतुपति और नयनतारा भी नजर आएंगे। फिल्म में विजय विलेन की भूमिका निभा रहे हैं। विजय सेतुपति ने अपने एक साक्षात्कार में बताया था कि वो शाहरुख खान से नयनतारा और विग्नेश शिवन की शादी में मिले थे।




# फैशन डिजाइर की भूमिका में दिखेंगी हंसिका मोटवानी

**मुंबई, ईएमएस।** एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने निर्देशक ईगोर की तमिल फिल्म मैन की शूटिंग का आखिरी शिड्यूल चेन्नई में पूरा किया। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जो महिलाओं के प्रति हिंसा और उनकी मुश्किलों के बारे में है। फिल्म में हंसिका ने फैशन डिजाइर की भूमिका निभाई है, एक मजबूत, स्वावलंबी और सशक्त महिला। फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर मोटवानी ने कहा कि अब जब मैन की शूटिंग खत्म हो गई है, मैं कहूंगी कि यह यात्रा आसान नहीं थी। इस फिल्म में मेरे कैरेक्टर के कई लेयर हैं और इतनी मजबूत महिला का किरदार निभाकर काफी अनुभव मिला। मैं निर्मला के रूप में दर्शकों के सामने आने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। वाकई यह फिल्म मेरे लिए काफी खास है। इस फिल्म की पूरी शूटिंग चेन्नई, पोलाची और मदुरई में हुई है। आरी अर्जुन भी हैं जो खलनायक की भूमिका में हैं।

# जेनिफर लोपेज जल्द द मदर में आएंगी नजर

**मुंबई, ईएमएस।** हॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से जेनिफर लोपेज एक हैं, जो किसी न किसी वजह को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस जल्द ही फिल्म द मदर में नजर आएंगी, जिसका इन दिनों वह जमकर प्रमोशन कर रही हैं। बीते गुरूवार जेनिफर स्टनिंग लुक में अपनी फिल्म का प्रमोशन करती नजर आई, जिसकी तस्वीरें अब इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान जेनिफर का ब्लैक लुक देखने को मिला। ब्लैक वन पीस ड्रेस के साथ एक्ट्रेस सिल्वर कलर की हील पेयर किए नजर आई। हाथ में उन्होंने ड्रेस से मैचिंग हैंड पर्स कैरी किया है। अपने लुक से सबको इम्प्रेस करते हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने जबरदस्त पोज दे रही हैं। 53 साल की जेनिफर लोपेज सोशल मीडिया की दुनिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।



# फिर भड़क उठीं फैशनिस्टा उर्फी जावेद

**मुंबई, ईएमएस।** उर्फी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपने लाइफ अपडेट शेयर करती रहती हैं। इस बार भी उर्फी ने सोशल मीडिया पर एक खुलासा किया है। उर्फी जावेद ने बताया है कि उन्हें एक अवार्ड फंक्शन में बुलाने के बाद आने से मना कर दिया गया। दरअसल, बीती रात मुंबई में जीईए-2023 अवार्ड फंक्शन का आयोजन किया गया था, जहां बी-टाउन और छोटे पर्दे के स्टार्स ने शिरकत की। उर्फी को भी इस अवार्ड के लिए इनविटेशन आया था, लेकिन लास्ट मोमेंट पर उन्हें आने से मना कर दिया गया। उर्फी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने लिखा कि इस इवेंट की मजेदार बात है कि वे मेरी टीम तक पहुंचे, मुझे इनवाइट किया, मैंने इनविटेशन एक्सेप्ट किया, सारे प्लान कैंसल किए, अपना आउटफिट अरेंज किया, आखिरी टाइम पर उन्होंने मेरी टीम से कहा कि अब मैं इनवाइटेड नहीं हूं। जब हमने वजह पूछी तो उन्होंने कहा कि मैं माधुरी दीक्षित की गेस्ट लिस्ट में नहीं हूं कितना अजीब कारण है।





# बरगी में प्रतिभा-विनोद की दावेदारी रूपेश-विक्रांत भी पीछे नहीं

## भाजपा में चल रही खींचतान, नेता क्षेत्र में सक्रिय

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी विधानसभा में भाजपा खेमे में हलचल तेज हो गई है क्योंकि इस बार युवा चेहरे दावेदारी ठोंक रहे हैं। इस समय बरगी में भाजपा से रूपेश सिंह लोधी और विक्रांत सिंह टिकट पाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। वहीं दो बार की विधायक प्रतिभा सिंह और संगठन के कई बड़े पदों को संभाल चुके विनोद गोंटिया को टिकट की आस है। हालांकि ये देखना है कि पार्टी किस नेता पर भरोसा जताती है।

**प्रतिभा सिंह-** दो बार की विधायक रही हैं, पार्टी ने तीसरी बार टिकिट देकर भरोसा किया था लेकिन वह चुनाव हार गई। हारने के बाद भी प्रतिभा सिंह लगातार क्षेत्र में जनता से जुड़ी रही। उनकी क्षेत्र में अच्छी पकड़ है, वे महिलाओं की हितैषीभी हैं।

**विनोद गोंटिया-** दूसरीओर पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व महामंत्री प्रदेश, वर्तमान में मप्र पर्यटन मंडल अध्यक्ष का पद संभाल रहे बरगी की राजनीति का अच्छा अनुभव है। प्रतिभा सिंह के बाद विनोद टिकट के प्रबल दावेदार हैं।

**विक्रांत सिंह-** पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, दो बार से नगर परिषद अध्यक्ष के पद पर उनकी पत्नी काबिज हैं, लगातर क्षेत्र में सक्रियता से काम कर रहे हैं। युवा है, टिकिट के लिए दावेदारी कर रहे हैं ।



### बड़े नेता भी उतर सकते हैं मैदान में

केंद्र और प्रदेश की राजनीति में अलग मुकाम बना चुके भाजपा के एक बड़े नेता भी बरगी विधानसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा सकते हैं।इसको लेकर भाजपा के अंदरखानों में चर्चा है,जिसमें कहा जा रहा है कि बड़े नेता को केंद्र की राजनीति रास नहीं आ रही है और इससे पहले वह प्रदेश में जिम्मेदारी संभाल चुके है इसलिए वह बरगी विधानसभा में अपनी किस्मत आजमा सकते हैं।

### रूपेश सिंह लोधी

प्रदेश युवा मोर्चा में 10 साल से सक्रिय हैं, वर्तमान में भाजपा में जिला मंत्री का पद संभाल रहे हैं। क्षेत्र में सक्रिय है संगठन अच्छी पकड़ है। क्षेत्र में पानी की समस्या है। अवैध रेत उत्खनन की शिकायत है। क्षेत्र में बेरोजगारी। क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं को लगातार उठा रहे हैं। स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा को लेकर भी रूपेश काम कर रहे हैं।

# खमरिया के एक्सप्लोसिव डिपो का ताला टूटा.... ?

## रखे रहते हैं तैयार कार्टिलेज, पहले समीप ही लगी थी आग

**जबलपुर यशभारत।** बीती रात खमरिया के एक्सप्लोटिव डिपो की मेगजीन के ताला टूटने की घटना सामने आई है।सुबह जानकारी लगने पर इसकी खबर वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई।घटना में सिर्फ ताला ही टूटा है या फिर चोरी भी हुई है इसका खुलासा जांच के बाद ही सामने आयेगा।इस घटना की जानकारी अभी पुलिस को नहीं दी गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार ईडीके में निर्माणी में बने विस्फोटकों को मेगजीनों में रखा जाता है।सेना की मांग पर सामान की आपूर्ति वहां से की जाती है।आम तौर पर यहां आम कर्मचारियों की आवाजाही नहीं होती है तथा डीएससी की तैनाती रहती है।सुबह ईडीके में टी-19मेगजीन का ताला टूटा देखा गया तो इसकी जानकारी आर्डरली आफीसर के साथ सुरक्षा विभाग को दी गई।जिससे बाद जांच का क्रम शुरू हो गया है।फौरी तौर पर अभी समझ में नहीं आया है कि यह किसी की शरारत है या चोरी की घटना है।यदि चोरी हुई है तो मामला अति संवेदनशील हो सकता है।क्योंकि विध्वंसक सामग्री का दुरुपयोग हो सकता।बता दें कि पहले इसके समीप ही 28 फरवरी 2023 की रात में अज्ञात कारणों से रात पौने तीन बजे आग लगी थी जिसे तमाम सुरक्षा संस्थानों के दमकलों ने बुझाया था।सौभाग्य से विस्फोटक सामग्री बच गई थी।अभी की घटना की घटना किसी ब?ी साजिश का संकेत देती है।चूंकि निर्माणी में नये पीआरओ बनाए गए हैं और वे छुट्टी पर हैं।अतः उनसे संपर्क नहीं हो सका।महाप्रबंधक से इस संबंध में संपर्क करने की कोशिश की गई तो जीएम आफिस से बताया गया कि वे उच्च अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग मीटिंग में व्यस्त हैं।





# लाखों की कार में ढुल रही थी हजारों की अवैध शराब

## पाटन शराब दुकान का मैनेजर सहित 3 तस्कर गिरफ्तार

**14 पेटी देशी, 1 पेटी अंग्रेजी और 4 पेटी बियर जप्त**

**जबलपुर,यशभारत।** पाटन पुलिस ने सांई ट्रेडर्स के पास दबिश देकर ईको कार में देशी और अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहे शराब दुकान मैनेजर सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 14 पेटी देशी शराब, 1 पेटी अंग्रेजी शराब , 4 पेटी बियर करीब 76 हजार रुपए की और परिवहन में प्रयुक्त 5 लाख की ईको कार जप्त की है। पकड़े गए आरोपियों के नाम शराब दुकान पाटन के मैनेजर अर्जुन सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बभंडा जिला औरंगाबाद बिहार, वाहन चालक गनेश ठाकुर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ पाटन, गजेंद्र सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम उड़ना पाटन सामने आए हैं। पाटन पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ईको कार में पाटन शराब दुकान से शराब लोड कर कटंगी ले जाई जा रही है जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर उपनिरीक्षक सतीश झारिया, आरक्षक अभिषेक पांडे पुलिस कंट्रोल रूम जबलपुर एवं पुलिस लाइन के आदित्य, अखिलेश, धनेश, विवेक, दीपू सिंह तोमर तथा थाना पाटन के उप निरीक्षक रवि उपाध्याय, उप निरीक्षक प्रदीप तोमर, सहित अन्य की अहम भूमिका रही।

# जंगल में वृद्ध को भालू ने काटा गले में गड़ाए दांत, हो गई मौत

## मंडप सजाने लेने गया था लकड़ी, क्षेत्र में दहशत

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी थाना अंतर्गत सुकरी मंगेला के एक वृद्ध का आज जंगल में लहू से लथपथ शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। वृद्ध विवाह समारोह में सगुन की लकड़ी लेने गया था। लेकिन दिनभर घर नहीं आया। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तलाश की तब वृद्ध को अचेत पड़ा हुआ झाड़ियों के पास देखा। ग्रामीणों का कहना है कि वृद्ध के गले और पूरे शरीर में भालू के दांतों के निशान है। जिसके बाद उन्हें यह आशंका है कि भालू के हमले के कारण ही वृद्ध की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अब पूरी पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जानकारी अनुसार अर्जुन रजक ग्रामीण, रहवासी सुकरी मंगेला ने बताया कि मृतक मंगल प्रसाद यादव 70 साल उसका पड़ोसी है। जो ग्राम में होने वाले विवाह समारोह के लिए लकड़ी लेने गया था। लेकिन जब दिनभर घर नहीं आया तो थकहार कर परिजनों और ग्रामीणों ने जंगल का कोना कोना तलाश लिया। तभी उन्हें झाड़ियों के बीच एक शव पड़ा हुआ मिला जो वृद्ध का था। इस घटना के वृद्ध में दहशत का माहौल है।



इनसेट में मृतक के जीवित अवस्था का चित्र।

### भालू चाटता बहुत है...

पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वन्यजीव भालू किसी को भी दबोचकर चाटता बहुत है। जिसके भय से कोई भी थरथर कांपने लगता है। उसके चाटने के बाद चमड़ी लाल हो जाती है और खून रिसने लगता है। उसके नोंचने के भी निशान है। जिसके बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह भालू का ही काम है, फिलहाल जांच जारी है।

# रेल लाइन पार करते समय युवक ट्रेन से कटा

**जबलपुर यशभारत।** बीती रात शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 22 वर्षीय युवक रेल लाइन पार करते समय ट्रेन से कट गया जिससे उसकी मौत हो गई मृतक के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान की गई। इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी में बताया कि दिघोरी निवासी 22 वर्षीय चरण लाल पिता मुन्नालाल बीती रात रेल लाइन पार कर अपना खेत देखने जा रहा था इसी दौरान वह किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई उक्त घटना की सूचना पुलिस को लगते ही वह मौके पर पहुंची और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।


**बेचना है**

बरगी और बरगी बांध के बीच में सहजपुरी गांव में मेनरोड से लगी 18000 हजार फुट प्लाट डायवर्सन किया हुआ ढावा, होटल, वियर हाउस, पेट्रोल पंप के लिए उपयुक्त। सामने आसपास मकान बने हैं। प्लेन जमीन 250 रुपए फुट।

संपर्क : 9399852725

**आवश्यकता है**

फ्लैक्स डिजाइनर की शीघ्र आवश्यकता है जिसे कोरल ड्रा का पूर्ण ज्ञान हो। शीघ्र संपर्क करें।

यशभारत फ्लैक्स कार्यालय


शताब्दीपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर


मो. 7804887888, 7974594521






































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )